• जयपुर, मंगलवार 9 जून 26 • वर्ष 15 • अंक 221 • पृष्ठ : 8 • मूल्य : 1 रुपये
www.chamaktarajasthan.in | Email : chamaktarajasthan8789@gmail.com
डाक पंजीयन संख्या: RJ/JPC/D19/2024-25
RNI. No. RAJHIN/2011/40950

**सुविचार**

‘‘सत्य को हज़ार तरीकों से बताया जा सकता है, फिर भी हर एक सत्य ही होगा।’’

● स्वामी विवेकानंद

दैनिक राज्य तथा केंद्र द्वारा मान्यता प्राप्त
सच के साथ मजबूती से बढ़ाये कदम

# चमकता राजस्थान

विज्ञापन के लिए : 93145 05000
जयपुर से प्रकाशित एवं प्रसारित
अजमेर, सीकर, झुंझनुं, सवाईमाधोपुर, चित्तौड़गढ़, बूंदी, धौलपुर, हिंडौन, भरतपुर, झालावाड़, जोधपुर, ब्यावर, जालोर, करौली, नागौर बीकानेर से प्रसारित

पेज @3 अलका सिंह व सतीश पूनिया ने नामांकन पत्र दाखिल किये...
पेज @4 17 वर्षीय भाविका जैन ने नेशनल किक बॉक्सिंग में जीता स्वर्ण पदक उन्हेल...
पेज @8 उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने देखी 'कृष्णावतारम्', कहा- महिला...

## न्यूज़ अपडेट

### गिरिडीह में पिता ने तीन नाबालिग बेटियों की धारदार हथियार से की हत्या

**गिरिडीह/एजेंसी।** झारखंड के गिरिडीह जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के तुरुकडीह गांव में सोमवार सुबह एक व्यक्ति ने सोमवार सुबह अपनी तीन नाबालिग बेटियों पर धारदार हथियार से हमला कर उन्हें मौत के घाट उतार दिया। इस दिल दहलाने वाली वारदात के बाद से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई है। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपी पिता को गिरफ्तार कर लिया है और उससे पूछताछ की जा रही है। मृत बच्चियों की पहचान 14 वर्षीय पल्लवी यादव और दो जुड़वा बहनों 6 वर्षीय रिद्धि यादव और 6 वर्षीय सिद्धि यादव के रूप में हुई है। पुलिस के मुताबिक, सोमवार की सुबह आरोपी नंदू यादव अचानक हिंसक हो उठा और उसने घर के भीतर ही अपनी तीनों बेटियों पर धारदार हथियार से ताबड़तोड़ वार कर दिए। तीनों बच्चियों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया।

घटना के दौरान घर में मौजूद परिवार के अन्य सदस्यों ने जब बच्चियों की चीख-पुकार सुनी, तो वे तुरंत उस तरफ भागे। लेकिन, नंदू यादव ने बेटियों पर लगातार हमले जारी रखे।

### छत्तीसगढ़ के तीन जवानों को मिलेगा ‘शौर्य चक्र’, दिल्ली में राष्ट्रपति के हाथों होंगे सम्मानित

**बालोद/भानुप्रतापपुर/एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के तीन जवानों को आज नई दिल्ली में राष्टपति द्रौपदी मुर्मू के हाथों प्रतिष्ठित वीरता सम्मान शौर्य चक्र से सम्मानित किया जाएगा. असम रायफल में पदस्थ जवान भोजराम साहू को मणिपुर में आंतकियों के साथ मुठभेड़ में प्रदर्शित अदम्य साहस और वीरता के लिए यह सम्मान प्रदान किया जाएगा. वहीं छत्तीसगढ़ में नक्सल अभियानों के दौरान उल्लेखनीय भूमिका निभाने वाले पुलिस निरीक्षक लक्ष्मण केवट और निरीक्षक रामेश्वर देशमुख भी इस सम्मान से अलंकृत होंगे.

असम राइफल्स के जवान भोजराम साहू ने बताया कि 15 नवंबर, 2024 को मणिपुर के टेंगनोपाल में आतंकियों के घुसने की सूचना मिली थी. करीब 9:30 बजे आतंकियों के साथ मुठभेड़ हो गई, जिसमें भोजराम साहू को एक गोली भी लगी थी. लेकिन उनका हौंसला नहीं टूटा, जवाब कार्रवाई में भोजराम ने फायरिंग नहीं रोकी. फलस्वरूप आतंकियों को मैदान छोड×कर भागना पड़ा. इस कार्रवाई में 3 आतंकियों की मौत हुई थी.

### पश्चिम बंगाल के फाल्टा से टीएमसी उम्मीदवार रहे जहांगीर खान नेपाल सीमा से गिरफ्तार

**कोलकाता/एजेंसी।** पश्चिम बंगाल के दक्षिण 24 परगना जिले में आने वाली फाल्टा विधानसभा सीट पर तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के उम्मीदवार रहे जहांगीर खान सोमवार को नेपाल सीमा से गिरफ्तार कर लिए गए। उनको सीमा के पास विशेष कार्य बल (एसटीएफ) ने गिरफ्तार किया है। जहांगीर के ऊपर विधानसभा चुनाव के दौरान इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) में छेड़छाड़ करने, मतदाताओं को धमकाने समेत कई मामलों में 7 एफआईआर दर्ज है। जहांगीर पिछले काफी दिनों से पुलिस से बच रहे थे। विधानसभा चुनाव में 29 अप्रैल को दूसरे चरण के दौरान उनके ऊपर गड़बड़ी के आरोप लगे थे। इसके बाद, चुनाव आयोग ने 29 अप्रैल का चुनाव फाल्टा में रद्द कर दिया और 21 मई को दोबारा से चुनाव कराया।

# फिलीपींस में 7.8 के भूकंप से तबाही, 31 की मौत

## ताश के पत्तों की तरह गिरे मकान

**नयी दिल्ली/एजेंसी**

फिलीपींस में सोमवार, 8 जून की सुबह धरती अचानक जोर से कांप उठी जब 7.8 तीव्रता का शक्तिशाली भूकंप आया. देश के दक्षिणी हिस्से में आए भूकंप के कारण कुछ ही सेकंड में इमारतें हिलने लगीं, दीवारें दरक गईं और कई जगह पूरी बिल्डिगें ढह गईं. इसमें एक स्कूल भी शामिल था. भूकंप की तबाही का मंजर बड़ा खौफनाक था. समाचार एजेंसी एएफपी के मुताबिक, इस हादसे में कम से कम 31 लोगों की मौत हो गई है. यह भूकंप इतना ताकतवर था कि आसपास के देशों में भी सुनामी का अलर्ट जारी करना पड़ा और पूरे इलाके में दहशत फैल गई.



### फिलीपींस में क्या हुआ?

यूएस जियोलॉजिकल सर्वे के अनुसार सोमवार को फिलीपींस के दक्षिणी हिस्से मिंडानाओ क्षेत्र में 7.8 तीव्रता का भूकंप आया. इसके बाद देश में और पड़ोसी देश इंडोनेशिया तथा जापान में सुनामी की चेतावनी जारी कर दी गई. एपी की रिपोर्ट के अनुसार फिलीपींस में 3 फीट तक की सुनाई की लहरें आई. वहीं इंडोनेशिया में कम से कम नौ स्थानों पर छोटी सुनामी लहरें दर्ज कीं, जिनमें से सबसे ऊंची लहरें सांगिहे द्वीप में 0.75 मीटर की दर्ज की गई. बाद में इंडोनेशिया ने चेतावनी हटा ली.

# दिल्ली में इंडिया गठबंधन की महाबैठक

## नेताओं की बॉडी लैंग्वेज और सीटिंग व्यवस्था बनी चर्चा का विषय

**नई दिल्ली/एजेंसी।**

पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के भीतर जारी राजनीतिक उथल-पुथल और हाल ही में पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव परिणामों के बाद देश की सियासत का केंद्र नई दिल्ली बन गया है। राजधानी के कॉन्स्टिट्यूशन क्लब में सोमवार को विपक्षी गठबंधन क्छ्ळ्रूअ की एक महत्वपूर्ण और हाई-प्रोफाइल बैठक आयोजित हुई, जिसमें देश के कई प्रमुख विपक्षी नेताओं ने भाग लिया।




बैठक में टीएमसी प्रमुख ममता बनर्जी, कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी, लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, पीडीपी प्रमुख महबूबा मुफ्ती, नेशनल कॉन्फ्रेंस के नेता उमर अब्दुल्ला, समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव और आरजेडी नेता तेजस्वी यादव समेत 20 से अधिक विपक्षी दलों के वरिष्ठ नेता मौजूद रहे।

बैठक के दौरान नेताओं की बैठने की व्यवस्था और आपसी संवाद सबसे अधिक चर्चा का विषय बने रहे। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के बगल में राहुल गांधी को स्थान दिया गया, जबकि सोनिया गांधी की सीट खरगे और ममता बनर्जी के बीच रखी गई थी। इसे कांग्रेस और टीएमसी के बीच समन्वय और एकजुटता के संकेत के रूप में देखा जा रहा है। महबूबा मुफ्ती को भी सोनिया गांधी और ममता बनर्जी के निकट बैठाया गया था। राहुल गांधी के बगल में समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव बैठे नजर आए। बैठक के दौरान दोनों नेताओं के बीच कई बार बातचीत होती दिखाई दी। वहीं अखिलेश यादव के समीप उमर अब्दुल्ला और एनसीपी (शरद पवार गुट) की सांसद सुप्रिया सुले मौजूद थीं। तेजस्वी यादव को महबूबा मुफ्ती के बगल में स्थान दिया गया।

बैठक से सामने आई तस्वीरों और वीडियो ने सोशल मीडिया पर भी खूब सुर्खियां बटोरीं। विशेष रूप से राहुल गांधी और ममता बनर्जी की मुलाकात चर्चा का केंद्र रही। बैठक शुरू होने से पहले राहुल गांधी ने ममता बनर्जी की ओर हाथ जोड़कर अभिवादन किया, जिस पर ममता बनर्जी मुस्कुराती हुई नजर आईं। हाल के दिनों में कांग्रेस और टीएमसी के बीच चली राजनीतिक बयानबाजी के बीच इस दृश्य को विपक्षी एकता के संदेश के रूप में देखा जा रहा है। बैठक के दौरान सोनिया गांधी भी ममता बनर्जी से लगातार बातचीत करती दिखाई दीं। वहीं तेजस्वी यादव और अखिलेश यादव की बॉडी लैंग्वेज काफी आत्मविश्वासपूर्ण और आक्रामक नजर आई।

बैठक में विपक्षी दलों ने तीन प्रमुख मुद्दों पर सहमति बनाई। पहला, विपक्षी नेताओं और कार्यकर्ताओं पर कथित हिंसक घटनाओं के खिलाफ संयुक्त रूप से आवाज उठाना।

## झारखंड के गठन में भाजपा ने संघर्ष किया, अब राज्य के विकास पर काम कर रही पार्टी : नितिन नवीन




**रांची/एजेंसी।**

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन झारखंड के दो दिवसीय संगठनात्मक दौरे पर हैं। इस दौरान उन्होंने कहा कि झारखंड के गठन में भारतीय जनता पार्टी ने संघर्ष किया और अहम भूमिका निभाई, और अब भाजपा राज्य के विकास और उसे मजबूत बनाने के लिए भी काम करेगी।

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि हमारी पार्टी के कार्यकर्ताओं में एक बार फिर उत्साह, ऊर्जा और उम्मीद का माहौल है। एक-एक कार्यकर्ता संकल्पित होकर भाजपा के कमल को फिर से झारखंड की भूमि पर मजबूती से खड़ा करने के लिए तैयार है।

रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने नितिन नवीन के झारखंड दौरे पर प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि प्रदेश की जनता में उत्साह है। दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष का आना बड़े ही गर्व की बात होती है। नितिन नवीन से पार्टी कार्यकर्ताओं को मार्गदर्शन मिला है। विकसित भारत 2047 पर हम काम कर रहे हैं। नितिन नवीन का यहां दो दिन का प्रवास था, निश्चित तौर पर पार्टी कार्यकर्ताओं का मनोबल ऊंचा हुआ है।

पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा कहते हैं, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन का झारखंड दौरा बहुत उत्साहजनक और प्रेरणादायक रहा है। खासकर युवाओं को इससे काफी प्रेरणा मिली है। मेरा मानना है कि आने वाले समय में युवा झारखंड के भविष्य को बेहतर ढंग से संवारने में असाधारण योगदान देंगे। उन्होंने आगे कहा, यह कोर कमेटी की एक परिचय बैठक थी। इसमें कोई औपचारिक एजेंडा नहीं था, बल्कि यह एक परिचय-मूलक बातचीत थी जिसके माध्यम से सदस्य एक-दूसरे से परिचित हुए। राष्ट्रीय अध्यक्ष की जड़ें रांची से जुड़ी हैं। उनका जन्म यहीं हुआ था और उन्होंने अपनी शिक्षा भी यहीं प्राप्त की थी। उनका इस स्थान से गहरा लगाव है, इसलिए वे पार्टी कार्यकर्ताओं से बहुत गर्मजोशी और स्नेह के साथ मिले और वे नियमित रूप से उनसे बातचीत करते रहते हैं।

# ब्रज के राजा दाऊजी की शरण में पहुंचे इलाहाबाद हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश अरुण भंसाली


## इलाहाबाद हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस ने लिया ब्रज के राजा का आशीर्वाद,मांगी मनौती

**बलदेव/एजेंसी।**

इलाहाबाद हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति अरुण भंसाली सोमवार को ब्रज के राजा दाऊजी के दर्शन करने पहुंचे। उनके आगमन पर मंदिर परिसर में भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर मंदिर के सेवायत गोस्वामी राजाराम पाण्डेय (गुरूजी) ने न्यायमूर्ति भंसाली को मंदिर के गौरवशाली इतिहास, परंपराओं तथा पूजा-सेवा पद्धति की विस्तृत जानकारी दी।







दर्शन-पूजन के दौरान न्यायमूर्ति भंसाली ने ब्रज के राजा दाऊजी एवं माता रेवती के चरणों में श्रद्धा अर्पित कर आशीर्वाद प्राप्त किया। मंदिर प्रशासन की ओर से उन्हें धार्मिक परंपराओं और मंदिर की विशेषताओं से भी अवगत कराया गया। मुख्य न्यायाधीश के आगमन को लेकर मंदिर परिसर में सुरक्षा व्यवस्था पूरी तरह चाक-चौबंद रही। इसके बावजूद श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा का सामना नहीं करना पड़ा। अधिकमास के चलते मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी रही, जहां भक्तों ने दाऊजी महाराज और माता रेवती के दर्शन कर जयकारों के साथ अपनी आस्था व्यक्त की।

मंदिर प्रशासन और सुरक्षा कर्मियों के बेहतर समन्वय के चलते दर्शन व्यवस्था सुचारू बनी रही तथा श्रद्धालुओं ने शांतिपूर्ण माहौल में पूजा-अर्चना की। न्यायमूर्ति अरुण भंसाली की इस धार्मिक यात्रा को लेकर भक्तों और स्थानीय लोगों में विशेष उत्साह देखा गया।

## उत्तर प्रदेश में 24 घंटे में पुलिस और अपराधियों में 6 मुठभेड़; एक की मौत, 4 घायल




**लखनऊ/एजेंसी।** उत्तर प्रदेश में अपराधियों के खिलाफ पुलिस और विशेष कार्य बल (एसटीएफ) की कार्रवाई लगातार जारी है। पुलिस ने पिछले 24 घंटों में अयोध्या, झांसी, लखनऊ, हापुड़ और चंदौली में कार्रवाई करते हुए विभिन्न अपराधों में शामिल रहे 7 अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया। इस दौरान हुई 6 मुठभेड़ में पुलिस की गोली लगने से एक अपराधी की मौत हो गई, जबकि 4 अन्य घायल हो गए। घायल अपराधियों का उपचार जारी है। पुलिस और अपराधियों के बीच सबसे बड़ी मुठभेड़ अयोध्या में हुई। कुख्यात अपराधी भानु प्रताप सिंह ने दबिश के दौरान प्रयागराज एसटीएफ पर हमला बोल दिया। जवाबी कार्रवाई में भानु घायल हो गया और बाद में उसने अस्पताल में दम तोड़ दिया। भानु पर आजमगढ़ पुलिस ने एक लाख, अंबेडकर नगर पुलिस ने 50,000 और गोरखपुर पुलिस ने 15,000 रुपये का इनाम घोषित कर रखा था। उसके खिलाफ हत्या और डकैती समेत 40 गंभीर मुकदमे दर्ज थे। झांसी में हत्या के मामले में 2 आरोपियों को पुलिस ने आधी रात के बाद मुठभेड़ में घेर लिया। दोनों ओर से जमकर गोलीबारी हुई। हालांकि, बाद में पुलिस की गोली लगने से एक आरोपी घायल हो गया। अपने साथी को घायल देखकर दूसरे आरोपी ने जान बचाने के लिए आत्मसमर्पण कर दिया। दोनों पर 24 घंटे पहले हुई हत्या में शामिल होने का आरोप है।

# कश्मीर से लद्दाख के बीच दूरी होगी कम, जोजिला सुरंग का काम आज होगा पूरा

**श्रीनगर/एजेंसी।**

जम्मू-कश्मीर को लद्दाख से जोडने् वाले ऐतिहासिक जोजिला सुरंग का काम अपने अंतिम पायदान पर पहुंच गया है। मंगलवार 9 जून को 13.15 किलोमीटर लंबी जोजिला सुरंग का आखिरी ब्रेकथ्रू होगा, जिससे सुरंग के कश्मीर और लद्दाख के सिरे आपस में जुड़ जाएंगे। समुद्र से 11,578 फीट की ऊंचाई पर बन रहा सुरंग बालटाल (सोनमर्ग) और मीनामर्ग (द्रास और कारगिल) के बीच में स्थित है। सुरंग के शुरू होने से भारत की सामरिक शक्ति काफी हद तक बढ़ेगी।

श्रीनगर-लेह राष्ट्रीय राजमार्ग पर जोजिला दर्रे से होकर गुजरने वाली



सुरंग 9 जून को अपने आखिरी धमाके की गवाह बनेगी। इस मौके पर केंद्रीय सड×क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी के मौजूद रहने की संभावना है। ब्रेकथ्रू होने पर पिछले 6 सालों से कश्मीर और लद्दाख की तरफ से काम कर रहे इंजीनियर और मजदूर 9 जून को जमीन के नीचे एक-दूसरे से मिल जाएंगे।ब्रेकथ्रू के बाद सुरंग की लाइनिंग, वेंटिलेशन और फिनिशिंग के कामों में तेजी आएगी।

जोजिला सुरंग के बनने से भारत के सबसे मुश्किल हिमालयी रास्तों में भारी बर्फबारी, हिमस्खलन और बारिश के बाद भी हर मौसम में कनेक्टिविटी मिलेगी। पहले यह रास्ता खराब मौसम की वजह से लोगों से कटा रहा था। सुरंग बनने से जोजिला दर्रा पार करना 3 घंटे की जगह मात्र 30 मिनट में पूरा होगा। सुरंग प्रोजेक्ट के 2027 तक पूरा होने की उम्मीद है, जिसे उसी साल के अंत तक लोगों के लिए खोल दिया जाएगा।

ये सुरंग श्रीनगर और लद्दाख के बीच पूरे साल कनेक्टिविटी देगी, जिससे इससे द्रास, करगिल, लेह और आसपास के इलाकों तक पहुंच बनेगी। यह न केवल संवेदनशील सीमावर्ती इलाके में आवाजाही को सुनिश्चित करेगा बल्कि लॉजिस्टिक्स और रणनीतिक पहुंच भी मजबूत होगी। यह मार्ग श्रीनगर-कारगिल-लेह में सैन्य टुकडिय़ों के लिए आपूर्ति मार्ग बनेगा और सैनिक काफिले, उपकरणों, रसद आपूर्ति की आवाजाही में बाधा नहीं आएगी। आम लोग भी इसका फायदा उठाएंगे।

संपादकीय

## पानी का अकाल या हमारे ज़मीर का सूखा?

जून की इस झुलसाती धूप में जब देश के बड़े शहरों से लेकर कस्बों तक पानी की बूंद-बूंद के लिए हाहाकार मचा है, तब एक बेहद गंभीर और नीतिगत कड़वी हकीकत हमारे सामने खड़ी है। यह संकट सिर्फ नदियों के असमय सूखने या कमजोर होते मानसून का मौसमी चक्र नहीं है; बल्कि यह हमारे अनियोजित शहरीकरण, प्रशासनिक दूरदर्शिता के अभाव और सामाजिक संकोच के सूख जाने का सबसे बड़ा प्रमाण है। केंद्रीय भूजल बोर्ड के हालिया आंकड़े गवाही देते हैं कि देश के कई प्रमुख शहरी क्षेत्रों में भूजल का स्तर खतरनाक रूप से 'क्रिटिकल जोन' में पहुंच चुका है। लेकिन इस तकनीकी संकट के समानांतर, हमारे भीतर की इंसानियत का सूख जाना इससे भी बड़ा खतरा है। विडंबना देखिए, जिस देश की सांस्कृतिक और सामाजिक चेतना में प्यासे को पानी पिलाना सबसे बड़ा मानवीय कर्तव्य माना गया, जहां राहगीरों के लिए चौराहों पर सामूहिक प्याऊ लगवाना ऊंचे संस्कारों की पहचान थी, आज उसी समाज के बुनियादी मूल्य दरक रहे हैं। महानगरों की ऊंची-ऊंची इमारतों और वीआईपी सोसायटियों में रहने वाला एक बड़ा वर्ग जहां अपनी गाड़ियों को चमकाने और बगीचों को हरा-भरा रखने के लिए रोज हजारों लीटर साफ पानी सड़कों पर बहा देता है, वहीं उसी देहरी पर दिन-भर पसीना बहाने वाले कूरियर बॉय, सुरक्षा गार्ड या दिहाड़ी मज़दूर को एक ग्लास शुद्ध पेयजल के लिए भी उपेक्षा का सामना करना पड़ता है। विकास की इस मशीनी दौड़ ने समाज के भीतर एक ऐसी बेरुखी पैदा कर दी है, जहां दूसरों की बुनियादी जरूरतें अब हमें विचलित ही नहीं करतीं। बात सिर्फ शहरी बेरुखी तक सीमित नहीं है। ग्रामीण और अर्ध-शहरी इलाकों में भी पानी की गंभीर किल्लत ने बरसों पुराने भाईचारे और सामुदायिक रिश्तों में दरार डाल दी है। जल-स्त्रोतों पर कब्जे की होड़ और पानी के टैंकरों के सामने दो बाल्टी पानी के लिए अपनों को आपस में उलझते देखना यह बताता है कि संसाधनों का यह असमान वितरण कैसे हमारे सामाजिक ताने-बाने को छिन्न-भिन्न कर रहा है। जब पानी जैसी जीवनरक्षक जरूरत के लिए भी नागरिक को प्रशासनिक लाचारी का सामना करना पड़े, तो समझ लीजिए कि जल-प्रबंधन की हमारी नीतियां धरातल पर पूरी तरह फेल हो चुकी हैं। 'झलक' का यह सुविचारित और स्पष्ट मानना है कि जब तक हम पानी को सिर्फ एक 'कमर्शियल कमोडिटी' या बोतल में बिकने वाला सामान समझते रहेंगे, तब तक जल-संरक्षण के किसी भी सरकारी अभियान को जनआंदोलन नहीं बनाया जा सकेगा। सरकारों को तात्कालिक राहत से आगे बढ़कर रेन वाटर हार्वेस्टिंग के नियमों को कड़ाई से लागू करना होगा और पारंपरिक जल-निकायों (तालाबों, बावड़ियों) के पुनरुद्धार को अनिवार्य नीति बनाना होगा। पानी की हर एक बचती हुई बूंद ही हमारे जीवित समाज की साख है। अगर आज हमारी आंखों का पानी सूख चुका है, तो कल हमारे हलक का सूखना भी तय है।

# यक्ष प्रश्नः विपक्ष की एकता या मृगमरीचिका?

## इंडिया गठबंधनः वैकल्पिक राजनीति का आधार या अंतर्विरोधों का विस्तार?:- खलील कुरैशी



पत्रकार:- खलील कुरैशी
जयपुर,मो.7891542929
लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं संपादक, दैनिक चमकता राजस्थान समाचार-पत्र

भारतीय लोकतंत्र की शक्ति केवल मजबूत सरकार में नहीं, बल्कि एक प्रभावी, संगठित और जवाबदेह विपक्ष में भी निहित होती है। लोकतांत्रिक व्यवस्था में विपक्ष सत्ता का प्रतिद्वंद्वी भर नहीं होता, बल्कि वह जनमत का प्रतिनिधि, नीतिगत विमर्श का वाहक और शासन की जवाबदेही सुनिश्चित करने वाला महत्वपूर्ण स्तंभ होता है। ऐसे में 8 जून 2026 को आयोजित इंडिया गठबंधन (क्ठउक्रअ अ’/ल्ली) की बैठक केवल एक राजनीतिक आयोजन नहीं, बल्कि देश की विपक्षी राजनीति की वर्तमान स्थिति और भविष्य की दिशा का महत्वपूर्ण संकेतक बनकर सामने आई हैलोकसभा चुनाव 2024 के बाद गठित इंडिया गठबंधन ने विपक्षी दलों को एक साझा मंच प्रदान कर राष्ट्रीय राजनीति में नई संभावनाओं को जन्म दिया था। उस समय यह गठबंधन भाजपा के समक्ष एक संगठित चुनौती के रूप में उभरा था, लेकिन समय बीतने के साथ इसके भीतर वैचारिक असमानताएं, क्षेत्रीय महत्वाकांक्षाएं और नेतृत्व संबंधी अंतर्विरोध भी स्पष्ट होने लगे। ऐसे माहौल में हालिया बैठक का सबसे बड़ा संदेश यही है कि तमाम मतभेदों और आशंकाओं के बावजूद विपक्षी एकता का प्रयास अभी जीवित है।

### ● एकता का प्रदर्शन या मजबूरी का गठबंधन?

राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि इस बैठक का उद्देश्य केवल रणनीति तय करना नहीं था, बल्कि यह संदेश देना भी था कि विपक्ष अभी बिखरा नहीं है। पिछले कुछ महीनों में कई सहयोगी दलों के बीच बढ़ती दूरी, राज्यों में राजनीतिक प्रतिस्पर्धा और सार्वजनिक मतभेदों ने गठबंधन की स्थिरता पर प्रश्नचिह्न लगा दिए थे। ऐसे में यह बैठक विपक्षी दलों द्वारा अपने अस्तित्व और प्रासंगिकता का प्रदर्शन भी कही जा सकती है।हालांकि, यह भी उतना ही सत्य है कि केवल भाजपा-विरोध किसी गठबंधन की स्थायी नींव नहीं बन सकता। भारतीय राजनीति का इतिहास इस बात का साक्षी है कि साझा विरोध के आधार पर बने गठबंधन तब तक प्रभावी रहते हैं जब तक उनके पास स्पष्ट वैकल्पिक दृष्टि, साझा कार्यक्रम और मजबूत संगठनात्मक संरचना होती है।

### ● जनसरोकारों की राजनीति बनाम उपलब्धियों की राजनीति

बैठक में महंगाई, बेरोजगारी, कृषि संकट, आर्थिक असमानता, सामाजिक सुरक्षा और लोकतांत्रिक संस्थाओं की स्वायत्तता जैसे मुद्दों को प्रमुखता से उठाया गया। विपक्ष इन विषयों को आमजन की वास्तविक चिंताओं से जोड़कर प्रस्तुत कर रहा है।दूसरी ओर केंद्र सरकार अपनी उपलब्धियों के रूप में आधारभूत संरचना के अभूतपूर्व विस्तार, डिजिटल क्रांति, विदेशी निवेश, वैश्विक मंचों पर भारत की बढ़ती प्रतिष्ठा, रक्षा आत्मनिर्भरता और कल्याणकारी योजनाओं के व्यापक प्रभाव को रेखांकित कर रही है।वर्तमान राजनीतिक परिदृश्य में यही वैचारिक संघर्ष भारतीय राजनीति की मुख्य धुरी बनता दिखाई दे रहा है—एक ओर विकास और उपलब्धियों का विमर्श, तो दूसरी ओर रोजगार, महंगाई और सामाजिक न्याय के प्रश्न। आने वाले चुनावों में यही मुद्दे जनमत निर्माण में निर्णायक भूमिका निभा सकते हैं।

### ● राहुल गांधी और नेतृत्व का प्रश्न

बैठक में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी की भूमिका भी केंद्र में रही। पिछले कुछ वर्षों में राहुल गांधी ने विपक्षी राजनीति में अधिक सक्रिय और आक्रामक भूमिका निभाई है। भारत जोड़ो यात्रा और विभिन्न जन मुद्दों पर उनकी सक्रियता ने उन्हें विपक्ष का प्रमुख चेहरा बनाया है।फिर भी विपक्ष की चुनौती केवल नेतृत्व तक सीमित नहीं है। वास्तविक समस्या विभिन्न दलों की राजनीतिक प्राथमिकताओं, क्षेत्रीय हितों और नेतृत्व आकांक्षाओं के समन्वय की है। पश्चिम बंगाल, पंजाब, केरल, दिल्ली, तमिलनाडु और बिहार जैसे राज्यों में गठबंधन सहयोगियों के अपने-अपने राजनीतिक हित हैं, जो कई बार राष्ट्रीय स्तर की एकता से टकराते हैं।
यही कारण है कि विपक्ष के सामने सबसे बड़ी चुनौती भाजपा का मुकाबला नहीं, बल्कि अपने अंतर्विरोधों का प्रबंधन है।

### ● विविधताः शक्ति या कमजोरी?

इंडिया गठबंधन की सबसे बड़ी विशेषता इसकी व्यापक विविधता है। इसमें राष्ट्रीय दलों के साथ-साथ अनेक प्रभावशाली क्षेत्रीय दल भी शामिल हैं। यह विविधता एक ओर इसे व्यापक सामाजिक और राजनीतिक प्रतिनिधित्व प्रदान करती है, वहीं दूसरी ओर निर्णय लेने की प्रक्रिया को जटिल भी बनाती है।गठबंधन में शामिल दलों की विचारधाराएं, राजनीतिक प्राथमिकताएं और सामाजिक आधार अलग-अलग हैं। ऐसे में केवल चुनावी तालमेल पर्याप्त नहीं होगा। यदि विपक्ष स्वयं को राष्ट्रीय विकल्प के रूप में प्रस्तुत करना चाहता है, तो उसे साझा आर्थिक, सामाजिक और प्रशासनिक दृष्टि भी सामने रखनी होगी।

### ● अनुपस्थित सहयोगी और उठते सवाल

बैठक में कुछ महत्वपूर्ण सहयोगी दलों की अनुपस्थिति ने भी राजनीतिक हलकों का ध्यान आकर्षित किया। भारतीय राजनीति में प्रतीकात्मक संकेतों का अपना महत्व होता है। किसी प्रमुख दल की अनुपस्थिति केवल कार्यक्रम से दूरी नहीं दर्शाती, बल्कि गठबंधन के भीतर संवाद और विश्वास की स्थिति का भी संकेत देती है।यही कारण है कि विपक्षी एकता के दावों के साथ-साथ गठबंधन की आंतरिक मजबूती पर भी गंभीर प्रश्न उठ रहे हैं।

### ● क्या विपक्ष के पास वैकल्पिक राष्ट्रीय दृष्टि है?

यह प्रश्न आज की राजनीति का सबसे महत्वपूर्ण प्रश्न है। किसी भी गठबंधन की सफलता केवल सत्ता परिवर्तन तक सीमित नहीं होती, बल्कि इस बात पर निर्भर करती है कि वह देश के लिए कैसी नीतिगत दिशा और विकास मॉडल प्रस्तुत करता है।इंडिया गठबंधन को अब यह स्पष्ट करना होगा कि वह आर्थिक विकास, रोजगार, कृषि, सामाजिक न्याय, राष्ट्रीय सुरक्षा, संघीय ढांचे और वैश्विक कूटनीति जैसे विषयों पर क्या वैकल्पिक दृष्टिकोण रखता है। केवल सरकार की आलोचना किसी राजनीतिक विकल्प को विश्वसनीय नहीं बनाती; उसके लिए सकारात्मक एजेंडा भी आवश्यक होता है।

### ● लोकतंत्र के लिए क्यों जरूरी है मजबूत विपक्ष?

लोकतंत्र में सत्ता और विपक्ष एक-दूसरे के विरोधी अवश्य हो सकते हैं, लेकिन दोनों की भूमिका पूरक होती है। एक मजबूत सरकार जितनी आवश्यक है, उतना ही आवश्यक एक प्रभावी विपक्ष भी है। विपक्ष सरकार की नीतियों की समीक्षा करता है, जनहित के मुद्दों को उठाता है और लोकतांत्रिक संस्थाओं को अधिक उत्तरदायी बनाने में भूमिका निभाता है।इस दृष्टि से विपक्षी एकता का प्रश्न केवल राजनीतिक दलों तक सीमित नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक संतुलन और शासन की गुणवत्ता से भी जुड़ा हुआ है।

### ● निष्कर्ष:- परीक्षा अभी बाकी है

इंडिया गठबंधन की यह बैठक विपक्षी राजनीति के लिए एक सकारात्मक संकेत अवश्य है, लेकिन इसे निर्णायक उपलब्धि नहीं कहा जा सकता।वास्तविक परीक्षा तब होगी जब सीटों के बंटवारे, नेतृत्व, क्षेत्रीय हितों और चुनावी रणनीतियों जैसे कठिन प्रश्न सामने आएंगे।आज का यक्ष प्रश्न यही है—क्या इंडिया गठबंधन अपनी विविधताओं को राजनीतिक शक्ति में बदल पाएगा, या यही विविधताएं उसके लिए सबसे बड़ी बाधा सिद्ध होंगी?फिलहाल विपक्ष ने एकजुटता का संदेश दिया है, लेकिन भारतीय राजनीति में किसी भी गठबंधन की सफलता का अंतिम प्रमाण जनता के बीच और चुनावी मैदान में ही मिलता है। आने वाले वर्षों में यह स्पष्ट होगा कि इंडिया गठबंधन एक स्थायी राष्ट्रीय विकल्प के रूप में उभरता है या भारतीय राजनीति के अनेक अल्पकालिक गठबंधनों की श्रेणी में शामिल हो जाता है।

# करप्शन की 'आग' में 'खाक' हुई कई जिंदगियां

थोड़े समय बाद सबकुछ शांत हो जाता है। मालवीय नगर घटना की भी जांच होगी कुछ दिन? सील किया जाएगा होटल, एकाध गिरफ्तारियां भी होंगी। अवैध निर्माण का हवाला देकर तोड़फोड़ होगी, बुलडोजर भी इलाके में कुछ दिनों तक हूं-हूं करेगा। अंत में प्रशासन फिर किसी बड़े हादसे के इंतजार कमरे में बैठकर करेगा। मालवीय नगर घटना की तपिश को दिल्ली सरकारी किसी तरह से शांत करने की जुगत में है। बे-मौत मरे लोगों की जान की कीमत कुछ लाख रुपए मुआवजा देकर रफा-दफा करने की फिराक में है। पर, इस हादसे में कई लोग ऐसे भी हैं जो अपने घरों में इकलौते कमाने वाले थे। उनकी तो दुनिया ही लुट गई। किसी ने अपना पति खोया, तो किसी ने अपना पिता? क्या इस कमी की भरपाई कोई कर पाएगा? शायद नहीं?

**डॉ.रमेश ठाकुर**

भीषण अग्निकांड देश की राजधानी के माथे पर बर्निंग कैपिटल का ठप्पा लगा रहे हैं। बीते कुछ वर्षों में हुए भंयकर अग्निकांडों से शासन-प्रशासन द्वारा सबक न लेने का नतीजा है मालवीय नगर अग्निकांड की घटना? दिल्ली में साल नहीं, बल्कि प्रत्येक महीने कहीं न कहीं अग्निकांड की पुनरावृत्ति हो रही है। लिबर्टी सिनेमा जैसे बड़े अग्निकांड तो मात्र बानगी हैं, उससे भी कहीं बढ़कर दर्दनाक घटनाएं लगातार जारी हैं। यही कारण है कि दिल्ली को अब बर्निंग कैपिटल कहा जाने लगा है। मालवीय नगर घटना में कई विदेशी पर्यटक भी हताहत हुए हैं, जो भारत के लिए वैश्विक स्तर पर शर्मसार करता है? पिछले माह ही पूर्वी दिल्ली के विवेक विहार में एक घर में एसी ब्लास्ट से तीन परिवारों के 9 लोग जलकर मरे थे। उससे पहले पालम विहार में भी एक भीषण अग्निकांड में एक ही परिवार के 9 लोग जिंदा जलकर खाक हो गए थे। मुंडका, पहाड़गंज, जामिया नगर, मंडावली, सदर बाजार, चांदनी चैक की घटनाओं को भी दिल्ली वाले नहीं भूले हैं।

सवाल उठता है, क्या अग्निकांड की घटनाएं कभी रूक पाएंगी या यूं ही बेकसूर लोग आग के हवाले होते रहेंगे। कह सकते हैं कि मालवीय नगर अग्निकांड में 25 लोग जलकर मरे नहीं, बल्कि उनकी सुनियोजित तरीके से चरमराती शासकीय व्यवस्था ने सामूहिक हत्याएं की हैं। लानत और धिक्कार है ऐसी व्यवस्था पर जब ऐसी घटनाओं पर भी लीपापोती की जाती है। मालवीय नगर अग्निकांड इतना दुखद है कि जिसे तस्वीरों में जिन्होंने भी टीवी-अखबारों या सोशल मीडिया के जरिए देखा या सुना? उनके मन को पूरी तरह से झकझोर दिया। घटना के वक्त पीड़ितों की मदद की गुहार और उनकी दर्दभरी चीख-पुकारें चश्मदीदों को रूला रही थीं, वो सहायता के लिए आगे बढ़ना चाहते थे लेकिन असहज थे। दरअसल, आग की लपटों ने पूरे होटल को अपने कब्जे में लिया हुआ था। इसलिए निहत्थे मददगार चाहकर भी कुछ नहीं कर सके। घटना सुबह करीब साढ़े आठ या नौ बजे के आसपास की है।

करीब घंटे-डेढ़ घंटे बाद फायरब्रिगेड, स्थानीय पुलिस व अन्य बचाव दल घटनास्थल पर पहुंचें और तत्काल प्रभाव से मोर्चा संभाला? लेकिन, शायद तब तक बहुत देर हो चुकी थी। आग ने होटल के सभी कमरों को अपने आगोश में ले लिया था। स्थानीय लोग असहाय थे। मदद करना चाहते थे, लेकिन किसी का कोई बस नहीं चला। आग इतनी तेजी से भड़क हुई थी जिससे बचावकर्मी भी फंस गए। करीब आठ-दस बचावकर्मी भी आग से झुलस गए जिनका चिकित्सा उपचार विभिन्न अस्पतालों में जारी है। दिल्ली में लगातार होते अग्निकांड के कुछ वाजिब कारण है जिसे हुकूमत अच्छे से जानती है। अव्वल तो, महानगरों में अनियोजित अवैध निर्माण, जो हादसों को चौबीसों घंटे न्योता देते हैं। वहीं, जिस होटल में आग लगी, उसमें कमरों को बनाने की इजाजत मात्र 6 कमरों की थी, लेकिन 25 कमरे बने हुए थे। 4 मंजिला



परमिशन के बाद 7 मंजिला बनाया हुआ था। पूरे होटल में एक भी रेस्क्यू उपाय नहीं था। बिजली का अतिरिक्त लोड लदा था। पूरे होटल की इमारत घूसखोरी के दम पर टिकी थी जिसमें बिजली विभाग से लेकर एमसीडी, पुलिस, फायर ब्रिगेड तक सभी भ्रष्टाचार के तालाब में गोते लगा रहे थे। सभी विभागों ने नियमों को ताक पर रखा हुआ था। ये सभी विभाग प्रत्येक महीने अपना हिस्सा लेकर होटल से जाते थे। स्थानीय सफेदपोश और लोकल प्रशासन भी अंजान नहीं थे।

दिल्ली फायर सर्विस के आंकड़े की माने तो दिल्ली में इस वर्ष जनवरी में छोटी-बड़ी करीब 1,396 घटनाएं रिपोर्ट हुईं। वहीं, फरवरी में 1,096, मार्च में 1,538 और अप्रैल में बढ़कर ये आंकड़ा 2,663 तक जा पहुंचा। विवेक विहार में 'चाइल्ड केयर अस्पताल' की घटना को याद करके आज भी रोंगटे खडे होते हैं जहां अचानक लगी आग से उपचाराधीन कई दर्जन नवजात बच्चे जलकर मर जाते हैं। उस घटना ने पूरे देश को झकझोर दिया था। ऐसी ही एक घटना दो साल पहले 26 जनवरी को मानसरोवर पार्क में हुई थी जिसमें 4 लोग जलकर मरे थे। कुल मिलाकर इन सभी दर्दनाक घटनाओं से शासन-प्रशासन ने कोई सीख नहीं ली? दिल्ली में अग्निकांड की एक घटना घटती है तो दूसरी घटना की संभावनाएं बढ़ जाती हैं। हादसे की जांचों का खेल भी बड़ा निराना है। जब तक शोर मीडिया और आम लोगों की चर्चाओं में रहता, जांच के नाम पर डंडा खूब फटकारा जाता है। थोड़े समय बाद सबकुछ शांत हो जाता है। मालवीय नगर घटना की भी जांच होगी कुछ दिन? सील किया जाएगा होटल, एकाध गिरफ्तारियां भी होंगी। अवैध निर्माण का हवाला देकर तोड़फोड़ होगी, बुलडोजर भी इलाके में कुछ दिनों तक हूं-हूं करेगा। अंत में प्रशासन फिर किसी बड़े हादसे के इंतजार कमरे में बैठकर करेगा। मालवीय नगर घटना की तपिश को दिल्ली सरकारी किसी तरह से शांत करने की जुगत में है। बे-मौत मरे लोगों की जान की कीमत कुछ लाख रुपए मुआवजा देकर रफा-दफा करने की फिराक में है। पर, इस हादसे में कई लोग ऐसे भी हैं जो अपने घरों में इकलौते कमाने वाले थे। उनकी तो दुनिया ही लुट गई। किसी ने अपना पति खोया, तो किसी ने अपना पिता? क्या इस कमी की भरपाई कोई कर पाएगा? शायद नहीं? दिल्ली में आग की घटनाओं से पिछले 5 सालों में 2022-2026 जून तक 302 लोगों की मौतें हुईं। पिछले दो सालों में अग्निकांड की घटनाएं दिल्ली में दूसरे राज्यों के मुकाबले सर्वाधिक बढ़ी हैं। अफसोस इस बात का है कि घटनाओं को रोकने और बचाव के इंतजामों में कोई तरक्की नहीं हुई। मई-जून के महीनों में आग लगने की घटनाएं ज्यादा होती हैं। क्योंकि इन दिनों अतिरिक्त उर्जा लोड बढ़ने से बिजली के तारों से शॉटसर्किट होना आम होता है। ये सब जानते हुए भी होटल और व्यवसायिक प्रतिष्ठान वाले कोई व्यवस्थाएं अपने यहां नहीं करते। फायर ब्रिगेड भी रामभरोसे हैं उनकी भी तैयारियां पुरानी और बे-जार होती हैं, जबकि उसे आधुनिक किए जाने की जरूरत है।

## आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**
करियर के लिये आज का दिन बहुत अच्छा है। उलझा हुआ धन आपको प्राप्त होगा। परिजनों का बेहतरीन सहयोग मिलने की सम्भावना है।

**वृषभ**
आपके मान-सम्मान में वृद्धि होगी। व्यर्थ के कार्यों में आप धन खर्च कर सकते हैं। कानूनी मामलों को लेकर थोड़ी सावधानी रखें।

**मिथुन**
अति आत्मविश्वास से बचें। प्रेम सम्बन्धों में तनाव की आशंका है। आत्मकेन्द्रित होने के कारण मित्रगण आपसे नाराज हो सकते हैं।

**कर्क**
वैवाहिक जीवन का तनाव दूर होगा। परिवार का वातावरण खुशनुमा रहेगा। साझेदारी में व्यवसाय शुरू करने की योजना बना सकते हैं।

**सिंह**
अपनी कार्यप्रणाली में सुधार करने का प्रयास करें। यदि किसी महत्त्वपूर्ण बैठक के लिये जा रहे हैं, तो आपको काफी मेहनत करनी पड़ेगी।

**कन्या**
अप्रत्याशित खर्चों में वृद्धि हो सकती है। प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे लोगों को तनाव हो सकता है। बच्चों की गलत आदतों को अनदेखा न करें।

**तुला**
कार्यक्षेत्र की समस्याओं को दूर करने में सफलता मिलेगी। आज आपको दौड़-धूप अधिक करनी पड़ेगी। रियल एस्टेट में सावधानीपूर्वक निवेश करें।

**वृश्चिक**
कार्यक्षेत्र में अतिरिक्त मेहनत करनी पड़ सकती है। मार्केटिंग सम्बन्धी कारोबारियों को लाभ होगा। दाम्पत्य सम्बन्धों में आनन्द का अनुभव करेंगे।

**धनु**
आज आपको झूठ बोलने से बचना चाहिये। परिवार के सदस्यों की सेहत का ध्यान रखें। सन्तान को लेकर कुछ चिन्तित हो सकते हैं। विद्यार्थियों को उच्च अध्ययन में थोड़ी कठिनाई होगी।

**मकर**
आज अपने काम का भरपूर आनन्द उठायेंगे। विदेश यात्रा की सम्भावना बन रही है। खरीदारी के दौरान अपने बजट का ध्यान रखें। आज आप ऑनलाइन शॉपिंग में अत्यधिक व्यस्त हो सकते हैं।

**कुंभ**
राजनीतिज्ञ लोगों के लिये दिन शुभ नहीं है। परिस्थितियों पर क्रोध करने के बजाय उन्हें शान्ति से निपटायें। वाहन चलाते समय सावधानी रखें।

**मीन**
आय के नये विकल्प मिलने से उत्साहित रहेंगे। प्रेम विवाह के लिये परिवार को सहमत करने में सफलता मिलेगी। नयी सम्पत्ति खरीद सकते हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### दौसा जिले के चहुमुखी विकास को लेकर रेला ने की मुख्यमंत्री से भेंट



**चमकता राजस्थान/दौसा।(दीपक शर्मा बामनवास)।** भाजपा ज़िला अध्यक्ष लक्ष्मी रेला ने राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से उनके मुख्यमंत्री निवास पर शिष्टाचार भेंट की। मुलाकात के दौरान दौसा जिले के विकास से जुड़ी विभिन्न समस्याओं एवं मांगों पर विस्तार से चर्चा की गई।

### सांभर लेक नगर पालिका को मिला "जल गौरव सम्मान"



**चमकता राजस्थान/सांभर लेक /कालीचरण सैनी।** नगर पालिका को जल संरक्षण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने पर ''जल गौरव सम्मान'' से सम्मानित किया गया। यह सम्मान ''वंदे गंगा जल संरक्षण अभियान'' के तहत किए गए उल्लेखनीय कार्यों के लिए प्रदान किया गया।

नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी छगन लाल यादव को जयपुर जिला प्रशासन द्वारा आयोजित कार्यक्रम में प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में आईएएस अधिकारी प्रतिभा वर्मा ने सम्मान प्रदान करते हुए नगर पालिका की टीम के कार्यों की सराहना की।

इस अवसर पर प्रतिभा वर्मा ने कहा कि जल संरक्षण की दिशा में सांभर लेक नगर पालिका द्वारा किए गए प्रयास अन्य संस्थाओं के लिए प्रेरणादायक हैं। उन्होंने अधिशासी अधिकारी छगन लाल यादव एवं उनकी टीम की कार्यशैली की प्रशंसा करते हुए भविष्य में भी इसी प्रकार जनहित के कार्य जारी रखने की बात कही।

### पूर्व पार्षद गोविन्दराम गोयल बने जीनगर समाज के राजस्थान प्रदेश अध्यक्ष



**चमकता राजस्थान/बालोतरा।** रामेश्वर खिलेरी(ब्यूरो) अखिल भारतीय जीनगर समाज एकीकरण महासभा की राष्ट्रीय बैठक उदयपुर में आयोजित हुई, जिसमें समाज के संगठनात्मक विस्तार और सामाजिक विकास को लेकर महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। बैठक के दौरान बालोतरा के वरिष्ठ समाजसेवी एवं पूर्व पार्षद गोविन्दराम गोयल को राजस्थान प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया गया।

राष्ट्रीय अध्यक्ष लोकेश परमार ने नई कार्यकारिणी की घोषणा करते हुए विभिन्न राज्यों में पदाधिकारियों की नियुक्तियां कीं। गोविन्दराम गोयल की नियुक्ति पर समाज के लोगों में हर्ष का माहौल है। समाज के गणमान्य व्यक्तियों ने उन्हें बधाई देते हुए विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में संगठन को नई दिशा और मजबूती मिलेगी।

बैठक में शिक्षा, सामाजिक उत्थान, युवाओं को संगठन से जोड़ने, समाज में एकता बढ़ाने तथा समाजहित के कार्यों को गति देने पर विशेष चर्चा की गई। साथ ही सभी पदाधिकारियों ने समाज के विकास, संगठन के विस्तार और आपसी भाईचारे को मजबूत करने का संकल्प लिया।

प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त होने पर गोविन्दराम गोयल ने राष्ट्रीय नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे समाज के प्रत्येक वर्ग को साथ लेकर संगठन को मजबूत बनाने और समाजहित में निरंतर कार्य करने का प्रयास करेंगे।

### जिला कांग्रेस कमेटी फलोदी की प्रथम बैठक आयोजित, संगठन मजबूती पर हुआ मंथन



**चमकता राजस्थान/अनिल सैन/ फलोदी।** जिला कांग्रेस कमेटी फलोदी की नवगठित कार्यकारिणी की प्रथम बैठक जिला अध्यक्ष मोहम्मद सलीम नागौरी की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक की शुरुआत सभी पदाधिकारियों के परिचय से हुई, जिसके बाद जिला अध्यक्ष मोहम्मद सलीम नागौरी एवं विधानसभा प्रत्याशी प्रकाश छंगाणी ने पदाधिकारियों का स्वागत किया।

जिला प्रवक्ता एडवोकेट सतीश विश्नोई ने बताया कि बैठक में जिला अध्यक्ष नागौरी ने पुष्कर में आयोजित दस दिवसीय प्रशिक्षण शिविर के अनुभव साझा करते हुए संगठन को मजबूत बनाने तथा कांग्रेस पार्टी को विजय दिलाने के लिए कार्यकर्ताओं को सक्रिय भूमिका निभाने का आ''ान किया। उन्होंने राहुल गांधी के संदेश का उल्लेख करते हुए कहा कि सभी को साथ लेकर चलना और कार्यकर्ताओं का सम्मान करना कांग्रेस की प्राथमिकता है। विधानसभा प्रत्याशी प्रकाश छंगाणी ने अपने संबोधन में पार्टी की एकजुटता पर जोर देते हुए संगठन हित में कार्य करने का संदेश दिया। बैठक के दौरान पदाधिकारियों से विभिन्न सुझाव लिए गए, जिन्हें आगामी कार्ययोजना में शामिल कर क्रियान्वित करने का प्रस्ताव पारित किया गया। बैठक में शीशपाल विश्नोई, वल्लभ लखेसरी, बस्तीराम, जयप्रकाश पुरोहित, सादिक खान, फरसराम, दिलेर सिंह, रूघाराम, मोहम्मद अली, डॉ. पवित्र सिंह, एडवोकेट भंवरलाल, श्रवण कुमार, गोपाल भट्टड़, शकूर खान, कासम खान, नटवरलाल, अशोक मेहरा, दुर्गा कंवर, हुक्माराम, मेहबूब, जितेंद्र सिंह, गिरिराज व्यास, चांदनी देवी, अशोक भील, गंगाराम एवं गजेंद्र सिंह सहित अनेक पदाधिकारी उपस्थित रहे। बैठक का संचालन इलमदीन मेहर, अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस, ने किया।

# अलका सिंह व सतीश पूनिया ने नामांकन पत्र दाखिल किये

चमकता राजस्थान

**जयपुर।** राजस्थान से राज्यसभा की तीन सीटों के लिए होने वाले द्विवार्षिक निर्वाचन के लिए सोमवार को भारतीय जनता पार्टी की ओर से श्रीमती अलका सिंह व सतीश पूनिया ने रिटर्निंग आफिसर श्री भारत भूषण शर्मा को नामांकन पत्र प्रस्तुत किये। श्रीमती अलका सिंह द्वारा नामांकन पत्र दाखिल करते समय मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा, श्रीमती वसुंधरा राजे, मदन राठौड़ व नाथू सिंह उपस्थित थे।

सतीश पूनिया द्वारा नामांकन पत्र दाखिल करते समय मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा, मदन राठौड़, उप मुख्यमंत्री श्रीमती दीया कुमारी व उप मुख्यमंत्री प्रेम चंद बैरवा उपस्थित थे। श्रीमती अलका सिंह ने दो नामांकन पत्र दाखिल किये व श्री सतीश पूनिया ने चार नामांकन पत्र दाखिल किये।





## खेत बचाओ अभियान में जिम्मेदारी से निभाएं भागीदारी

चमकता राजस्थान




**रघुनंदन पारीक श्रीनगर/अजमेर।** अजमेर कृषि उपजिला क्षेत्र में आने वाली पंचायत समिति अजमेर ग्रामीण,श्रीनगर , पीसांगन , किशनगढ़ क्षेत्र के सहायक कृषि अधिकारियों, कृषि पर्यवेक्षकों की प्रशिक्षण कार्यशाला एवं बैठक सोमवार को कृषि विभाग आत्मा सभागार में सहायक निदेशक रविन्द्र सिंह रियाड़ की अध्यक्षता एवं कृषि अधिकारी अदिति माथुर , कृषि अधिकारी अनिल कुमार गुर्जर की मौजूदगी में हुई। बैठक में इसी माह आयोजित खेत बचाओ अभियान की तैयारी के साथ ही विभागीय कार्यों की समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए गए। सहायक निदेशक रियाड़ ने विभागीय कार्यों की समीक्षा के साथ ही खेत बचाओं अभियान के तहत क्षेत्र में आयोजित शिविरों में जिम्मेदारी के साथ सहभागिता निभाने के निर्देश देने के साथ ही नए वित्तीय वर्ष 2026-27 फार्म पोण्ड, तारबंदी के अनुदान को लेकर प्री-वेरीफिकेशन करने के निर्देश दिए। सहायक निदेशक ने आगामी खरीफ फसल को लेकर भी फील्ड में रहने के लिए सहायक कृषि अधिकारियों, कृषि पर्यवेक्षकों को हिदायत देकर क्षेत्र मे उर्वरक वितरण पर सतत निगरानी रखकर किसी भी प्रकार की अनियमितता की सूचना मुख्यलय को सूचित करें । कृषि अधिकारी अदिति माथुर एवं अनिल गुर्जर ने विभागीय योजनाओं के साथ ही अनुदान को लेकर विस्तार पूर्वक जानकारी दी। वही कार्यशाला में समस्त डीबीटी योजनाओं यथा फार्म पौण्ड, पाईप लाईन, तारबंदी, कृषि यंत्र योजनाओं की योजना की प्री वेरीफिकेशन की लंबित पत्रावलियों प्रगति रिपोट, सहित विभागीय कार्यो की समीक्षा की गई।

एटीसी अजमेर के कृषि अनुसंधान अधिकारी पौध संरक्षण डॉ जितेंद्र शर्मा ने बीजोपचार व खरीफ फसलों के प्रमुख बीमारियों से बचाव के उपाय बताये।

## जोधपुर में कांग्रेस का विरोध प्रदर्शन, केंद्र व राज्य सरकार का पुतला दहन

चमकता राजस्थान



**मनीष मेहता/जोधपुर।** लगातार बढ़ती महंगाई, रसोई गैस, पेट्रोल-डीजल की कीमतों में वृद्धि, देश में बढ़ती बेरोजगारी, नीट पेपर लीक प्रकरण, प्रदेश में भ्रष्टाचार तथा बाई जी का तालाब पार्क के जीर्णोद्धार एवं समुचित रखरखाव की मांग को लेकर आज जोधपुर शहर विधानसभा क्षेत्र के सराफा बाजार ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अंतर्गत बाई जी का तालाब मंडल द्वारा विरोध प्रदर्शन कर केंद्र एवं राज्य सरकार का पुतला दहन किया गया।

ब्लॉक अध्यक्ष अख्तर खान सिंधी एवं मंडल अध्यक्ष राधेश्याम सोलंकी ने बताया कि आयोजित धरना-प्रदर्शन को संबोधित करते हुए जोधपुर शहर जिला कांग्रेस कमेटी के जिला अध्यक्ष ओमकार वर्मा ने केंद्र एवं राज्य की भाजपा सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि पेट्रोल, डीजल एवं रसोई गैस की लगातार बढ़ती कीमतों ने आमजन का जीवन कठिन बना दिया है। कांग्रेस पार्टी आम जनता के हितों की लड़ाई सड़क से लेकर संसद तक मजबूती से लड़ती रहेगी।करण सिंह उचियारड़ा ने सरकार की नाकामिया बताई और जनता की समस्याएं के बारे में बताया।

पूर्व विधायक मनीष पवार ने भाजपा की केंद्र एवं राज्य सरकार को जनविरोधी बताते हुए कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के नेतृत्व में प्रदेश में अनेक जनहितकारी योजनाएं लागू की गई थीं, जिन्हें वर्तमान सरकार समाप्त करने या कमजोर करने का प्रयास कर रही है। उन्होंने बाईं जी का तालाब के सौंदर्यीकरण एवं विकास कार्यों का उल्लेख करते हुए कहा कि वर्तमान में इसके रखरखाव की स्थिति चिंताजनक है, जिस पर सरकार को गंभीरता से ध्यान देना चाहिए।

पूर्व राज्य मंत्री रमेश बोरणा ने भी सभा को संबोधित करते हुए अशोक गहलोत सरकार के कार्यकाल में हुए विकास कार्यों की चर्चा की तथा वर्तमान भजनलाल सरकार पर प्रदेश में बढ़ती महंगाई, अपराध, चोरी एवं प्रशासनिक विफलताओं को लेकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि सरकार जनता की समस्याओं के समाधान में असफल साबित हो रही है।

# रणथंभौर नेशनल पार्क में एक बार फिर हुआ हादसा बड़ा हादसा होने से टला

चमकता राजस्थान





**राकेश अग्रवाल /सवाई माधोपुर।** सोमवार सुबह की पारी में रणथंबोर नेशनल पार्क के जोन नंबर चार में टाइगर सफारी के लिए दिल्ली से आए देशी पर्यटको से भरा कैंटर के ब्रेक फेल होने के कारण केंटर एकाएक पेड़ से जा टकराया ओर उसका सामने का कांच टूट गया। जिसके चलते कैंटर में सवार पर्यटकों में से एक बुजुर्ग के सिर में भारी चोट आने से गंभीर रूप घायल हो गया। जिसके सिर में करीब 5 टांके आये है ।वहीं उनकी पोती व बहू को भी इस हादसे के दौरान हल्की चोट आई ।जिनको एक निजी हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया था। जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद होटल भेज दिया गया। रणथंबोर के एक होटल में यह सभी पर्यटक ठहरे हैं। दिल्ली से यह सभी पर्यटक रणथंबोर मैं स्वच्छंद वितरण करने वाले बाघों की अठखेलियाँ निहारने आए थे। लेकिन एकाएक इस तरह की घटना उनके साथ हुआ जो कि रणथंभौर नेशनल पार्क के अधिकारियों की कार्य प्रणाली पर भी सवालिया निशान खड़े करती नजर आ रही है। एक तरफ जहां इसे तकनीकी खराबी कहा जा सकता है अनफिट वाहनों को रणथंबोर में चलाना, इस हादसे का बड़ा कारण माना जा सकता है। लेकिन गनीमत यह रही की चढ़ाई पर चढ़ते हुए यह हादसा हुआ और इस दुर्घटना में कोई बड़ी दुर्घटना नहीं हुई।

हालांकि रणथंबोर के अधिकारी केंटर चालक के खिलाफ कार्रवाई करने की बात कह रहे हैं । लेकिन ठोस कार्रवाई हो तो ऐसे अनफिट वाहन मालिक को और चालकों के खिलाफ सबक सिखाया जा सकता है। आगामी समय में ऐसे हादसों की पुनरावृत्ति नहीं हो उन्हें रोका जा सकता है।

इस पूरे मामले में रणथंबोर के डीसीएफ संजीव शर्मा ने वाहन चालक के खिलाफ कार्रवाई करने व केंटर को जप्त कर नियमानुसार कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है। वहीं शाम लगभग 5:00 आदेश जारी कर केंटर ओर चालक के खिलाफ कार्रवाई की गई।

### मांडल विधायक भडाणा ने मुख्यमंत्री निवास पर भाजपा विधायक दल की बैठक में भाग लिया



**चमकता राजस्थान/महेश कुमार बिड़ला मीडिया प्रभारी/ मांडल भीलवाड़ा।** भाजपा युवा नेता कमलेश सिंह गुढ़ा ने बताया कि आज जयपुर में मुख्यमंत्री निवास पर विधायक दल की बैठक आयोजित हुई बैठक में मांडल विधायक उदयलाल भडाणा ने भाग लिया बैठक में मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष श्री मदन राठौड़, राष्ट्रीय मंत्री श्रीमती अलका गुर्जर, प्रदेश महामंत्री (संगठन) श्री अजेय कुमार, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सतीश पूनियां, उपमुख्यमंत्री श्रीमती दिया कुमारी, डॉ. प्रेमचंद बैरवा, सहित अन्य मंत्री एवं विधायक मौजूद रहे।

### वडोदरा में भक्ति का महासंगम: श्रीमद्भागवत सप्ताह एवं नानीबाई का मायरा का भव्य शुभारंभ

**चमकता राजस्थान/अंकुर सोमानी / वडोदरा।** वडोदरा शहर में आज से भक्ति, आस्था और संस्कृति का अद्भुत संगम देखने को मिल रहा है। प्रतापनगर स्थित गीता मंदिर से भव्य कलश यात्रा के साथ श्रीमद्भागवत सप्ताह महोत्सव एवं नानीबाई का मायरा के धार्मिक आयोजन का शुभारंभ हुआ। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया। श्री सांवलिया सेठ के दिव्य आशीर्वाद से आयोजित इस महोत्सव के अंतर्गत आज प्रातः भव्य शोभायात्रा निकाली गई। महिलाओं ने सिर पर मंगल कलश धारण कर यात्रा में सहभागिता की, वहीं श्रद्धालु भजन-कीर्तन, ढोल-नगाड़ों की मधुर धुनों एवं जयघोष के साथ पूरे मार्ग को हरिभक्ति के रंग में रंगते नजर आए। यह धार्मिक महोत्सव आगामी 14 जून तक चलेगा। महोत्सव के दौरान प्रतिदिन प्रातःकाल परम पूज्य संत श्री रामप्रसादजी महाराज द्वारा श्रीमद्भागवत कथा का अमृतपान कराया जाएगा, जबकि सायंकाल संत श्री ज्ञानीरामजी महाराज द्वारा नानीबाई का मायरा की भावपूर्ण एवं प्रेरणादायी कथा का वाचन किया जाएगा। आयोजकों द्वारा भजन संध्या, सुंदरकांड पाठ सहित विभिन्न धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया है। श्रद्धालु बड़ी संख्या में उपस्थित होकर इस भक्ति गंगा में डुबकी लगाकर धर्मलाभ प्राप्त कर रहे हैं। सम्पूर्ण आयोजन को लेकर श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह एवं उमंग का वातावरण है तथा आगामी दिनों में भी बड़ी संख्या में भक्तों के पहुंचने की संभावना व्यक्त की जा रही है।

### बढ़ती लव जिहाद की घटनाओं पर फूटा हिंदू समाज का आक्रोश




**चमकता राजस्थान/ब्यावर।** अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद राजस्थान के प्रदेश अध्यक्ष ओम प्रजापति एवं हिंदू हेल्पलाइन प्रांत अध्यक्ष मुकेश सोनी के नेतृत्व में हिंदू हेल्पलाइन के बैनर तले जिला कलेक्टर ब्यावर के माध्यम से महामहिम राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री राजस्थान सरकार के नाम ज्ञापन सौंपकर प्रदेश में बढ़ रही कथित लव जिहाद की घटनाओं पर आक्रोश दर्ज कराते हुए सख्त कार्रवाई की मांग की है तथा विशेष जांच दल (SIT) के गठन की मांग की।

ज्ञापन में कहा गया कि राजसमंद जिले के भीम क्षेत्र एवं अजमेर जिले के पीसांगन क्षेत्र सहित प्रदेश में सामने आ रही घटनाओं से हिंदू समाज में भारी आक्रोश व्याप्त है। संगठन पदाधिकारियों ने मांग की कि ऐसे सभी मामलों की निष्पक्ष एवं त्वरित जांच कर दोषियों के विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई की जाए तथा प्रदेश में बालिकाओं एवं महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सख्त कानून बनाया जाए।

# राजस्थान कर रहा है पहली बड़ी ईस्पोर्ट्स लैन चैंपियनशिप की मेजबानी

चमकता राजस्थान

**जयपुर में 19 से 21 जून तक होगा 4 करोड़ रुपये के प्राइज पूल के साथ भारत का सबसे बड़ा बीजीएमआई ईस्पोर्ट्स इवेंट**

बीकानेर। जयपुर भारतीय ईस्पोर्ट्स के क्षेत्र में एक ऐतिहासिक पल का गवाह बनने जा रहा है। जयपुर एक बड़ी नेशनल ईस्पोर्ट्स लैन चैंपियनशिप की मेजबानी करने वाला राजस्थान का पहला शहर बनने के लिए तैयार है। क्राफ्टन इंडिया 19 से 21 जून तक जयपुर एक्जीबिजशन एंड कन्वेंशन सेंटर (जेईसीसी) में अपनी बैटलग्राउंड्स मोबाइल इंडिया प्रो सीरीज (बीएमपीएस) 2026 के ग्रैंड फिनाले का आयोजन करने जा रही है। इस चैंपियनशिप में भारत की शीर्ष 16 बीजीएमआई टीमें कुल 4 करोड़ रुपये के प्राइज पूल और वैश्विक मंच पर भारत के प्रतिनिधित्व का अवसर पाने के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगी। इस पुरस्कार राशि के साथ यह भारत में अब तक का सबसे बड़ा ईस्पोर्ट्स टूर्नामेंट होने जा रहा है। यह आयोजन न सिर्फ राजस्थान की बड़ी गेमिंग कम्युनिटी के लिए उल्लेखनीय पड़ाव है, बल्कि यह पूरे भारत में मुख्यधारा के प्रतिस्पर्धी स्पोर्ट के रुप में ईस्पोर्ट्स के तेज उभार को भी दिखाता है। पिछले कुछ वर्षों में ईस्पोर्ट्स एक डिजिटल पासटाइम से देश के सबसे तेजी से बढ़ते एंटरटेनमेंट एवं स्पोर्टिंग इकोसिस्टम में बदल गया है। इससे लाखों खिलाड़ी, दर्शक एवं प्रोफेशनल एथलीट जुड़े हैं।

बैटलग्राउंड्स मोबाइल इंडिया (बीजीएमआई) की क्रिएटर एवं पब्लिशर क्राफ्टन इंडिया ने बीएमपीएस और बीजीआईएस जैसे टूर्नामेंट्स के जरिये भारत में ईस्पोर्ट्स इकोसिस्टम को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इसने खिलाड़ियों के लिए स्ट्रक्चर्ड तरीके से प्रतिस्पर्धा का रास्ता बनाया है और भारतीय प्रतिभाओं को खेल के सर्वोच्च स्तर पर प्रतियोगिता करने का मौका दिया है। ग्रैंड फिनाले के दौरान 3 तीन दिनों में 18 मैचों में कुल 16 टीमें प्रतिस्पर्धा करेंगी। हर दिन छह मैच खेले जाएंगे। अब तक क्वालिफायर्स के माध्यम से 8 टीमें ग्रैंड फिनाले में अपनी जगह पक्की कर चुकी हैं। इस मौके पर क्राफ्टन इंडिया के एसोसिएट डायरेक्टर ईस्पोर्ट्स करण पाठक ने कहा, भारत का ई-स्पोर्ट्स इकोसिस्टम इतनी तेजी से आगे बढ़ा है, जिसकी शायद ही किसी ने उम्मीद की होगी। इस सफर में बीएमपीएस की अहम भूमिका रही है। जयपुर में होने वाले ग्रैंड फिनाले में देश की सबसे बेहतरीन बीजीएमआईटीमें एक साथ आएंगी। ये टीमें न सिर्फ नेशनल टाइटल के लिए मुकाबला करेंगी, बल्कि ग्लोबल ई-स्पोर्ट्स के सबसे बड़े मंचों में से एक पर भारत का प्रतिनिधित्व करने का मौका भी हासिल करेंगी। जयपुर में विश्व स्तरीय इवेंट इन्फ्रास्ट्रक्चर, जोश से भरे युवा दर्शक और तेजी से बढ़ती गेमिंग कम्युनिटी है। इसलिए साल के सबसे बड़े बीजीएमआई इवेंट की मेजबानी के लिए इसे चुनना एक स्वाभाविक फैसला था। हम इस शहर में बीएमपीएस ग्रैंड फिनाले के आयोजन के लिए उत्साहित हैं। हम यहां जबरदस्त टैलेंट और मुकाबले को देखने के लिए उत्सुक हैं।

# 17 वर्षीय भाविका जैन ने नेशनल किक बॉक्सिग में जीता स्वर्ण पदक उन्हेल नागेश्वर में हुआ भव्य स्वागत

चमकता राजस्थान

**उन्हेल नागेश्वर/गोवर्धन सिंह।** झालावाड़ जिले की गंगधार तहसील के विश्व विख्यात उन्हेल नागेश्वर गांव की 17 वर्षीय प्रतिभाशाली खिलाड़ी भाविका जैन ने राष्ट्रीय स्तर पर शानदार प्रदर्शन करते हुए नेशनल किकबॉक्सिग चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतकर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उनकी इस उपलब्धि से पूरे उन्हेल क्षेत्र में हर्ष और गौरव का माहौल है।

जानकारी के अनुसार, WAKO इंडिया द्वा-रा उड़ीसा में आयोजित नेशनल किकबॉक्सिग चैंपियनशिप में भाविका जैन ने दमदार प्रदर्शन करते हुए प्वाइंट फाइट स्पर्धा में स्वर्ण पदक अपने नाम किया। प्रतियोगिता में उन्होंने मध्यप्रदेश का प्रतिनिधित्व किया। इस सफलता के पीछे उनके कोच जितेंद्र कुमार एवं शिवरा दित्य का महत्वपूर्ण मार्गदर्शन रहा।



### गांव पहुंचते ही हुआ जोरदार स्वागत

» स्वर्ण पदक जीतने के बाद सोमवार को भाविका अपने पैतृक गांव नागेश्वर पहुंचीं। गांव में उनके स्वागत के लिए बड़ी संख्या में ग्रामीण, समाजजन और खेल प्रेमी एकत्रित हुए। ढोल–नगाड़ों, पुष्पवर्षा और जयघोष के बीच भाविका का भव्य अभिनंदन किया गया। स्थानीय कबड्डी टीम और युवाओं ने भी उनका विशेष सम्मान कर जीत की बधाई दी।

### विजय रैली में गूंजे भाविका जिंदाबाद के नारे

» भाविका की ऐतिहासिक सफलता की खुशी में शाम को गांव में विजय रैली निकाली गई। रैली में युवाओं, बुजुर्गों और बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। पूरे गांव में ₹भाविका जैन जिंदाबाद₹ के नारों से माहौल गूंज उठा। समाजजनों एवं खेल प्रेमियों ने भाविका, उनके परिवार और प्रशिक्षकों का सम्मान करते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

### अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश के लिए पदक जीतना लक्ष्य

» भाविका जैन ने अपनी सफलता का श्रेय माता–पिता, कोच जितेंद्र कुमार, शिवरादित्य और हअङड इंडिया से जुड़े सभी सहयोगियों को दिया। उन्होंने कहा कि उनका अगला लक्ष्य अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भारत के लिए पदक जीतकर देश और क्षेत्र का नाम और ऊंचा करना है।

## संक्षिप्त समाचार

### आबूरोड में IFWJ राजस्थान का प्रदेश स्तरीय सम्मेलन आयोजित

**चमकता राजस्थान/भरत कुमार गांधी/रानी।** इंडियन फेडरेशन ऑफ वर्किंग जर्नलिस्ट (IFWJ) राजस्थान का प्रदेश स्तरीय दो दिवसीय सम्मेलन 6 एवं 7 जून को आबूरोड स्थित ब्रह्माकुमारीज परिसर में आयोजित किया गया। सम्मेलन की मेजबानी सिरोही जिला इकाई द्वारा अत्यंत उत्कृष्ट एवं सुव्यवस्थित ढंग से की गई, जिसकी प्रतिभागियों द्वारा सराहना की गई।

चार सत्रों में आयोजित इस सम्मेलन का उद्घाटन सत्र सरस्वती पूजन एवं परिचय सत्र के साथ प्रारम्भ हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं प्रदेश अध्यक्ष उपेन्द्रसिंह राठौड़ ने की। वही संचालन प्रदेश महासचिव मनवीरसिंह चुण्डावत ने किया।

इस अवसर पर ब्रह्माकुमारीज संस्थान के सम्मानित अतिथियों सहित प्रदेश संगठन के पदाधिकारी, सभी जिलाध्यक्ष, महासचिव एवं वरिष्ठ पत्रकार उपस्थित रहे। अतिथियों एवं वरिष्ठतम पत्रकारों का स्वागत एवं अभिनंदन किया गया।

मध्यान्तर के पश्चात आयोजित द्वितीय सत्र में संगठन को अधिक सुदृढ़ एवं प्रभावी बनाने तथा पत्रकारों के हितों की रक्षा हेतु आवश्यक कदम उठाने के संबंध में विभिन्न प्रस्ताव आमंत्रित किए गए। जिलाध्यक्षों, संभाग प्रभारियों एवं अन्य प्रतिभागियों द्वारा अनेक महत्वपूर्ण एवं दू-रदर्शी सुझाव प्रस्तुत किए गए। प्राप्त प्रस्तावों को संकलित कर लगभग 11 पृष्ठों की रिपोर्ट तैयार की गई, जिस पर प्रदेश पदाधिकारियों द्वारा गहन मंथन एवं विचार-विमर्श कर प्रस्तावों की समरी तैयार की गई तथा ओपन हाउस चर्चा आयोजित की गई।

7 जून को प्रातः आयोजित तृतीय सत्र में संगठन को मजबूत बनाने, पत्रकारों के अधिकारों की रक्षा एवं पत्रकार कल्याण से संबंधित विभिन्न प्रस्तावों पर विस्तृत चर्चा कर महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। सर्वप्रथम 11 सदस्यीय कोर कमेटी के गठन की घोषणा की गई। समिति के अधिकारों एवं दायित्वों का निर्धारण करते हुए उसे सात दिवस की समय-सीमा में संगठन सुदृढ़ीकरण का महत्वपूर्ण दायित्व सौंपा गया।

### विधायक दल की महत्वपूर्ण बैठक में जयपुर मैं भाग लिया दीप्ति माहेश्वरी विधायक राजसमंद

**चमकता राजस्थान/महेश कुमार बिड़ला मीडिया प्रभारी/मांडल भीलवाड़ा।** आज विधानसभा में माननीय मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा जी की अध्यक्षता में आयोजित भारतीय जनता पार्टी विधायक दल की महत्वपूर्ण बैठक में सहभागिता की।

बैठक में आगामी राज्यसभा चुनाव के संदर्भ में विस्तृत एवं सार्थक चर्चा हुई। इस दौरान राजस्थान से राज्यसभा चुनाव हेतु भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी आदरणीय डॉ. सतीश पूनियाँ जी एवं डॉ. अलका गुर्जर जी का विधायक दल की ओर से आत्मीय अभिनंदन किया गया तथा उन्हें हार्दिक बधाई एवं मंगलकामनाएँ प्रेषित की गईं।

इस अवसर पर भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्रीमती वसुन्धरा राजे जी, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष श्री मदन राठौड़ जी, प्रदेश महामंत्री (संगठन) श्री अजेय कुमार जी सहित विधायक दल के सभी सम्मानित सदस्य उपस्थित रहे। राजस्थान के विकास, सुशासन एवं संगठन की सुदृढ़ता के संकल्प के साथ सम्पन्न हुई यह बैठक आगामी राज्यसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की विजय के प्रति हमारे दृढ़ विश्वास को और अधिक सशक्त बनाती है।

### वंशिका गर्ग को न्याय दिलाने के लिए अग्रवाल समाज का मुख्यमंत्री को ज्ञापन



**चमकता राजस्थान/सूरज मल वैष्णव /बौंली।** प्रताप नगर जयपुर निवासी कुमारी वंशिका गर्ग के साथ हुई दुःखद, संदिग्ध एवं हृदयविदारक घटना को लेकर अग्रवाल समाज बौंली ने मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपा। उपखण्ड अधिकारी बौंली के माध्यम से भेजे गए इस ज्ञापन में मामले की निष्पक्ष, पारदर्शी व त्वरित जांच कर दोषियों को कठोरतम दण्ड देने की मांग की गई है।

**● बेटी को न्याय दिलाना नैतिक दायित्व**

ज्ञापन में कहा गया कि वंशिका गर्ग के साथ घटी घटना ने न केवल अग्रवाल समाज बल्कि पूरे जनमानस को गहरे आघात व रोष से भर दिया है। इस घटना से क्षेत्र में भय और असुरक्षा का माहौल है। समाज ने कहा - ₹बेटी आज हमारे बीच नहीं है, किन्तु उसे न्याय दिलाना हम सभी का नैतिक व सामाजिक दायित्व है₹।

**● ज्ञापन की प्रमुख मांगें**

समाज ने आठ सूत्रीय मांग पत्र में कहा कि नामजद व संदिग्धों की शीघ्र गिरफ्तारी हो और उनके सभी संबंधों की जांच की जाए। प्रकरण की जांच पुलिस अधीक्षक या उससे ऊपर के वरिष्ठ अधिकारी की निगरानी में करवाई जाए। जरूरत पड़ने पर स्वतंत्र मेडिकल बोर्ड बनाकर पुनः परीक्षण व मेडिकल साक्ष्यों का वैज्ञानिक विश्लेषण किया जाए।

साथ ही CCTV फुटेज, मोबाइल कॉल डिटेल, सोशल मीडिया रिका-ॅर्ड, लोकेशन डेटा व अन्य तकनीकी साक्ष्य सुरक्षित रखकर जांच करने की मांग की गई। सभी भौतिक साक्ष्यों की FSL जांच कर रिपोर्ट को सार्वजनिक जांच का हिस्सा बनाया जाए। पीड़िता के परिजनों द्वारा दिए गए तथ्यों को गंभीरता से लेकर जरूरी धाराएं जांच में शामिल की जाएं।

# नशे के खिलाफ राजस्थान पुलिस की 'लक्ष्मण रेखा'

## प्रोजेक्ट लक्ष्मण रेखा के तृतीय चरण में 5,410 लोगों की भागीदारी

**● डीजीपी राजीव कुमार शर्मा की पहल को मिला व्यापक जनसमर्थन,**

**● आईजी विकास कुमार के नेतृत्व में चला राज्यव्यापी जनजागरण अभियान**

चमकता राजस्थान

जयपुर, 8 जून (खलील कुरैशी)। राजस्थान पुलिस की एंटीनारकोटिक्स टास्क फोर्स (एएनटीएफ) द्वारा संचालित 'प्रोजेक्ट लक्ष्मण रेखा' के तृतीय चरण का राज्यव्यापी आयोजन सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार शर्मा की पहल एवं एएनटीएफ के महानिरीक्षक विकास कुमार के नेतृत्व में आयोजित इस अभियान में पुलिस, शिक्षण संस्थानों, सामाजिक संगठनों तथा आमजन ने मिलकर ''नशामुक्त राजस्थान'' का संकल्प दोहराया।

**● विरुद्ध संघर्ष केवल कानून प्रवर्तन का विषय नहीं, बल्कि सामाजिक जागरूकता और जनभागीदारी का अभियान:- राजीव कुमार**

डीजीपी शर्मा ने कहा कि नशे के विरुद्ध संघर्ष केवल कानून प्रवर्तन का विषय नहीं, बल्कि सामाजिक जागरूकता और जनभागीदारी का अभियान है। इसी उद्देश्य से राजस्थान पुलिस नशा तस्करों पर कठोर कार्रवाई के साथ-साथ युवाओं को जागरूक करने के लिए व्यापक स्तर पर जनजागरण कार्यक्रम चला रही है।राज्यभर के स्कूलों, कॉलेजों, विश्वविद्यालयों एवं कोचिंग संस्थानों में आयोजित कार्यक्रमों के माध्यम से विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभाव, उसके सामाजिक-आर्थिक परिणाम तथा स्वस्थ जीवनशैली के महत्व की जानकारी दी गई। पोस्टर प्रदर्शनी, व्याख्यान, संवाद सत्र, नुक्कड़ नाटक एवं शपथ ग्रहण कार्यक्रमों के जरिए *विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से युवाओं को जागरूक किया गया।

**● अभियान को मिल रहा है अपार जनसमर्थन, तृतीय चरण में 5,410 लोगों ने की सहभागिता :- आईजी विकास कुमार**

आईजी एएनटीएफ विकास कुमार ने बताया कि अभियान के तृतीय चरण में 5,410 लोगों ने सहभागिता की। इनमें 180 छात्र स्वयंसेवकों और 50 शिक्षक योद्धाओं का चयन किया गया, जो अपने-अपने क्षेत्रों में नशा विरोधी जागरूकता अभियान को आगे बढ़ाएंगे।

**● 500 मीटर का 'नशामुक्त सुरक्षा घेरा'**

प्रोजेक्ट के तहत शैक्षणिक संस्थानों के आसपास 500 मीटर क्षेत्र को नशामुक्त सुरक्षा घेरा के रूप में विकसित किया जा रहा है। यहां मादक पदार्थों की बिक्री और सेवन पर विशेष निगरानी रखी जाएगी तथा विद्यार्थियों से गोपनीय सूचनाएं प्राप्त करने के लिए शिकायत पेटिकाएं स्थापित की जा रही हैं।

**● मुक्तिवीरों की कहानी और नुक्कड़ नाटक ने छोड़ी गहरी छाप**

कार्यक्रमों में नशे की लत से बाहर निकल चुके 'मुक्तिवीरों' ने अपने अनुभव साझा किए, जिसने विद्यार्थियों और शिक्षकों को भावुक कर दिया। वहीं 'दर्पण कला मंच' की मर्मस्पर्शी नुक्कड़ नाटिका ने नशे से बर्बाद होते परिवारों की वास्तविक तस्वीर प्रस्तुत कर युवाओं को गहराई से प्रभावित किया।अभियान के दौरान प्रतिभागियों ने नशा तस्करों और अवैध गतिविधियों की सूचना निर्भीक होकर पुलिस तक पहुंचाने तथा इस जनजागरण अभियान को गांव-गांव और ढाणी-ढाणी तक ले जाने का संकल्प लिया। जयपुर क्षेत्र में सर्वाधिक लगभग 650 लोगों की सहभागिता दर्ज की गई।प्रोजेक्ट लक्ष्मण रेखा राजस्थान पुलिस की उस दूरदर्शी सोच का प्रतीक बनकर उभरा है, जिसमें कठोर कानून प्रवर्तन के साथ सामाजिक जागरूकता को जोड़कर नशामुक्त राजस्थान के लक्ष्य की ओर प्रभावी कदम बढ़ाए जा रहे हैं।

11. बीकानेर :–






12. हनुमानगढ़:–




### प्राध्यापक, प्राध्यापक (कृषि) एवं कोच भर्ती परीक्षा-2025 शांतिपूर्ण संपन्न

**● कृषि, लोक प्रशासन एवं गृह विज्ञान विषयों में उपस्थिति रही क्रमशः 38.58%, 24.94% और 28.23%**

**चमकता राजस्थान/जयपुर।( खलील कुरैशी)** राजस्थान लोक सेवा आयोग (आरपीएससी) द्वारा आयोजित प्राध्यापक, प्राध्यापक (कृषि) एवं कोच प्रतियोगी परीक्षा-2025 के अंतर्गत सोमवार को जयपुर जिले में विभिन्न विषयों की परीक्षाएं शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित वातावरण में संपन्न हुईं।परीक्षा समन्वयक एवं अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट जयपुर (पूर्व) नरेंद्र कुमार वर्मा ने बताया कि प्रथम पारी में आयोजित कृषि विषय की परीक्षा में पंजीकृत 5,612 अभ्यर्थियों में से 2,165 उपस्थित रहे, जबकि 3,447 अनुपस्थित रहे। इस प्रकार उपस्थिति प्रतिशत 38.58 दर्ज किया गया।इसी पारी में आयोजित लोक प्रशासन विषय की परीक्षा में 1,271 पंजीकृत अभ्यर्थियों में से 317 उपस्थित एवं 954 अनुपस्थित रहे। परीक्षा में 24.94 प्रतिशत उपस्थिति दर्ज हुई।द्वितीय पारी में आयोजित गृह विज्ञान विषय की परीक्षा में कुल 3,146 अभ्यर्थियों में से 888 उपस्थित तथा 2,258 अनुपस्थित रहे। इस परीक्षा में 28.23 प्रतिशत उपस्थिति दर्ज की गई।वर्मा ने बताया कि सभी परीक्षा केन्द्रों पर परीक्षा का आयोजन शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से किया गया। जिला प्रशासन द्वारा सुरक्षा, यातायात, पेयजल, विद्युत सहित सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गईं। नियुक्त अधिकारियों एवं पर्यवेक्षकों ने आयोग के दिशा-निर्देशों की प्रभावी पालना कराई।उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन और संबंधित विभागों के समन्वित प्रयासों से परीक्षा का सफल संचालन हुआ तथा किसी भी परीक्षा केन्द्र से अव्यवस्था या अप्रिय घटना की सूचना प्राप्त नहीं हुई।

### डीजीपी ट्रैफिक अनिल पालीवाल के निर्देशन में राजस्थान पुलिस का महा-एक्शनः

**● एक दिन में 9,523 वाहनों पर प्रभावी कानूनी कार्रवाई**

**चमकता राजस्थान/जयपुर!(खलील कुरैशी) 08 जून।** पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार शर्मा के निर्देश एवं डीजी ट्रैफिक अनिल पालीवाल के पर्यवेक्षण में राजस्थान पुलिस द्वारा चलाए जा रहे विशेष यातायात अभियान के तहत रविवार को प्रदेशभर में रिकॉर्ड 9,523 वाहनों के विरुद्ध कार्रवाई की गई। अवकाश के दिन भी पुलिस ने विशेष नाकेबंदी कर काली फिल्म, अवैध हूटर-बत्ती, नियम विरुद्ध नंबर प्लेट, प्रेशर हॉर्न और वाहन मॉडिफिकेशन के खिलाफ सख्त कदम उठाए।एडीजी ट्रैफिक डॉ. बी.एल. मीणा ने बताया कि सबसे अधिक कार्रवाई काली फिल्म (3,491) और नियम विरुद्ध नंबर प्लेट (2,643) के मामलों में की गई। इसके अलावा अनाधिकृत लेखन व चिन्ह (1,313), अवैध मॉडिफिकेशन (811), अवैध लाल-नीली बत्ती, फ्लैशर व हूटर (741) तथा प्रेशर हॉर्न (524) मामलों में भी चालान एवं विधिक कार्रवाई की गई।कार्रवाई में कोटा शहर पुलिस 830 वाहनों पर कार्रवाई के साथ प्रदेश में शीर्ष पर रही, जबकि अजमेर में 570 और बूंदी में 459 वाहनों के खिलाफ कार्रवाई की गई। जयपुर कमिश्नरेट में 450 वाहनों पर कार्रवाई हुई, वहीं कोटपुतली-बहरोड़ जिले में 372 वाहनों के खिलाफ कार्रवाई दर्ज की गई। जोधपुर कमिश्नरेट में 184 तथा जैसलमेर में 140 वाहनों पर कार्रवाई की गई।डॉ. मीणा ने स्पष्ट किया कि वाहनों पर पद, जाति, संस्था या अन्य प्रभाव दर्शाने वाले अनाधिकृत शब्द लिखना, अवैध हूटर-बत्ती लगाना, काली फिल्म का उपयोग करना तथा यातायात नियमों का उल्लंघन करना कानूनन अपराध है। उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा और कानून व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए राजस्थान पुलिस का यह विशेष अभियान आगामी दिनों में और अधिक सख्ती के साथ जारी रहेगा।प्रदेशव्यापी इस अभियान ने स्पष्ट संदेश दिया है कि यातायात नियमों की अवहेलना, अवैध मॉडिफिकेशन और सड़क पर रसूख दिखाने की प्रवृत्ति अब किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के 10 वर्ष पूर्ण, जिलेभर में आज विशेष आयोजन:- डॉ. रवि शेखावत

## गर्भवती महिलाओं को निःशुल्क विशेषज्ञ सेवाएं, सुरक्षित मातृत्व के प्रति जागरूकता बढ़ाने पर रहेगा फोकस

चमकता राजस्थान

जयपुर!(खलील कुरैशी) 8 जून। प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान (पीएमएसएमए) के सफलतापूर्वक 10 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर 9 जून को जयपुर प्रथम जिले के सभी प्रमुख चिकित्सा संस्थानों में विशेष कार्यक्रम एवं स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए जाएंगे। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के निर्देशानुसार आयोजित होने वाले इन कार्यक्रमों का उद्देश्य सुरक्षित मातृत्व, गुणवत्तापूर्ण प्रसवपूर्व देखभाल तथा मातृ स्वास्थ्य सेवाओं के प्रति जनजागरूकता को सशक्त बनाना है।मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जयपुर प्रथम डॉ. रवि शेखावत ने बताया कि वर्ष 2016 में प्रारंभ हुए प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान ने मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सुधार की दिशा में महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल की हैं। अभियान के तहत प्रत्येक माह की 9 तारीख को गर्भवती महिलाओं को गर्भावस्था की द्वितीय एवं तृतीय तिमाही में निःशुल्क और गुणवत्तापूर्ण प्रसवपूर्व जांच (एएनसी) सेवाएं उपलब्ध कराई जाती हैं।

### उच्च जोखिम गर्भावस्थाओं की विशेष निगरानी

» डॉ. शेखावत ने बताया कि विस्तारित प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान (ई–पीएमएसएमए) के अंतर्गत प्रत्येक माह 18 एवं 27 तारीख को उच्च जोखिम गर्भावस्था (हाई रिस्क प्रेग्नेंसी) वाली महिलाओं की नाम आधारित ट्रैकिंग, अतिरिक्त फॉलोअप, विशेषज्ञ परामर्श, रेफरल सहायता तथा प्रसव के बाद 45 दिनों तक सतत निगरानी सुनिश्चित की जाती है। इससे जटिलताओं की समय रहते पहचान कर मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में कमी लाने में मदद मिल रही है।

### विशेष शिविरों में उपलब्ध रहेंगी विशेषज्ञ सेवाएं

» उन्होंने बताया कि 9 जून को जिले के सभी मेडिकल कॉलेज, जिला एवं उपजिला चिकित्सालय, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी), प्रथम रेफरल इकाइयों (एफआरयू), प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) तथा शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों (यूपीएचसी) पर विशेष पीएमएसएमए दिवस आयोजित होगा। इस दौरान प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञों की उपस्थिति में गर्भवती महिलाओं की स्वास्थ्य जांच, परामर्श, आवश्यक परीक्षण एवं उपचार सेवाएं प्रदान की जाएंगी।

### सामुदायिक सहभागिता को मिलेगा बढ़ावा

» आयुष्मान आरोग्य मंदिरों पर भी विशेष स्वास्थ्य शिविर लगाए जाएंगे। अभियान के 10 वर्ष पूर्ण होने पर आयोजित कार्यक्रमों के माध्यम से गर्भवती महिलाओं, उनके परिवारों तथा समुदाय को सुरक्षित मातृत्व के महत्व से जोड़ने, स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच बढ़ाने तथा सम्मानजनक एवं संवेदनशील मातृ स्वास्थ्य देखभाल को प्रोत्साहित करने का प्रयास किया जाएगा।स्वास्थ्य विभाग ने जिले की सभी गर्भवती महिलाओं एवं उनके परिजनों से इन विशेष सेवाओं का अधिकतम लाभ उठाने की अपील की है। पीएमएसएमए का एक दशक पूर्ण होना मातृ स्वास्थ्य के क्षेत्र में जनभागीदारी, जागरूकता और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि माना जा रहा है।

# राज्यसभा उम्मीदवारों ने विधानसभा अध्यक्ष देवनानी से लिया आशीर्वाद

## नामांकन के बाद अलका सिंह और सतीश पूनिया की शिष्टाचार भेंट

## मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, अजेय कुमार एवं मदन राठौड़ ने भी की मुलाकात

चमकता राजस्थान

**जयपुर। (खलील कुरैशी)** राज्यसभा द्विवार्षिक निर्वाचन-2026 के लिए भारतीय जनता पार्टी के अधिकृत उम्मीदवार अलका सिंह और सतीश पूनिया ने सोमवार को नामांकन पत्र दाखिल करने के बाद राजस्थान विधानसभा में विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी से शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर देवनानी ने दोनों उम्मीदवारों का स्वागत करते हुए उन्हें आगामी संसदीय दायित्वों के लिए शुभकामनाएं प्रदान कीं।दोनों उम्मीदवारों ने विधानसभा अध्यक्ष का अभिवादन करते हुए उनका आशीर्वाद प्राप्त कियामुलाकात सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई, जिसमें लोकतांत्रिक मूल्यों एवं संसदीय परंपराओं की गरिमा पर भी चर्चा हुई।





### देवनानी से मिले मुख्यमंत्री शर्मा और भाजपा नेतृत्व

इसी दिन विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी से मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, भाजपा के नवनियुक्त प्रदेश संगठन महामंत्री अजेय कुमार तथा राज्यसभा सांसद एवं भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने भी विधानसभा परिसर में शिष्टाचार भेंट की।यह मुलाकात संगठन और शासन के बीच बेहतर समन्वय तथा संवाद की सकारात्मक परंपरा का प्रतीक रही। इस दौरान प्रदेश के समसामयिक विषयों एवं संगठनात्मक गतिविधियों को लेकर भी विचार-विमर्श हुआ।

### राजनीतिक सौहार्द और समन्वय का संदेश

विधानसभा में हुई इन शिष्टाचार मुलाकातों ने लोकतांत्रिक संस्थाओं की गरिमा, राजनीतिक सौहार्द और संगठनात्मक समन्वय का सकारात्मक संदेश दिया राजनीतिक प्रेक्षकों के अनुसार, राज्यसभा चुनाव की प्रक्रिया के बीच हुई ये मुलाकातें भाजपा नेतृत्व की एकजुटता और संसदीय परंपराओं के प्रति प्रतिबद्धता को भी रेखांकित करती हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### ब्याज माफिया पर प्रतापगढ़ पुलिस का बड़ा प्रहार :करोड़ों की संपत्ति व दस्तावेज जब्त

- **ग्रामीणों को कर्ज के जाल में फंसाने वाले भगवानलाल प्रजापत के ठिकानों पर छापा,**
- **ब्याज माफियाओं के खिलाफ राजस्थान पुलिस का सख्त संदेश**

**चमकता राजस्थान/जयपुर!(खलील कुरैशी) 8 जून।** राजस्थान पुलिस द्वारा ब्याज माफियाओं के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत प्रतापगढ़ पुलिस ने एक बड़ी और प्रभावी कार्रवाई करते हुए कथित ब्याज माफियाभगवानलाल प्रजापत के ठिकानों पर छापेमारी कर भारी मात्रा में सोने-चांदी के आभूषण, लग्जरी वाहन, कृषि उपकरण तथा अवैध लेन-देन से जुड़े महत्वपूर्ण दस्तावेज जब्त किए हैं।

- **पुलिस अधीक्षक भी आदित्य के निर्देशन में चलाया जा रहा विशेष अभियान**

जिला पुलिस अधीक्षक बी. आदित्य के निर्देशन में चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गजेंद्र सिंह जोधा एवं वृत्ताधिकारी नानालाल सालवी के मार्गदर्शन में कार्रवाई को अंजाम दिया गया। प्रोबेशनर आरपीएस राहुल गोयल के नेतृत्व में जिला स्पेशल टीम और केसरियावाद थाना पुलिस ने भणावता कस्बे में आरोपी के विभिन्न ठिकानों पर एक साथ दबिश दी।

- **कोटी, मकान और खेतों से मिली भारी संपत्ति**

तलाशी के दौरान पुलिस ने आरोपी के रिहायशी मकान, निर्माणाधीन कोठी तथा खातेदारी भूमि से बड़ी मात्रा में संपत्ति और दस्तावेज बरामद किए। जब्ती में शामिल प्रमुख सामग्री इस प्रकार है जब्त आभूषण :-32 तोले सोने के जेवरात 47 किलो 500 ग्राम चांदी के आभूषण 28 वाहन जब्त 4 लग्जरी वाहन (थार, सफारी, स्कॉर्पियो, बोलेरो)14 मोटरसाइकिल 1 स्कूटी 2 महिंद्रा पिकअप 1 थ्री-व्हीलर टेम्पो 6 ट्रैक्टर कृषि यंत्र एवं मशीनरी 4 थ्रेशर मशीन 3 सीड ड्रिल मोरप्लो एवं कल्टी इलेक्ट्रॉनिक नोट गिनने की मशीन महत्वपूर्ण दस्तावेज 67 स्टाम्प पेपर 16 खाली हस्ताक्षरित चेक 3 हस्ताक्षरित चेक राशि सहित 6 मूल आरसी 5 बिलबुक 2 बहीखाते 4 बैंक पासबुक 7 हिसाब-किताब की डायरियां 4 एटीएम कार्ड 2 एप्पल आईफोन

- **ग्रामीणों का शोषण करने का आरोप**

प्रारंभिक जांच में सामने आया कि आरोपी भगवानलाल प्रजापत और उसका पुत्र तुलसीराम ग्रामीण एवं आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को ऊंचे ब्याज पर ऋण देकर उनके सोने-चांदी के जेवर, जमीन के दस्तावेज, कृषि उपकरण तथा फाइनेंस पर खरीदे गए वाहनों तक को गिरवी रख लेते थे। आरोप है कि ऋण लेने वालों से खाली चेक और स्टाम्प पेपर पर हस्ताक्षर अथवा अंगूठे के निशान भी लिए जाते थे।

- **ब्याज माफियाओं के खिलाफ सख्त संदेश**

प्रतापगढ़ पुलिस की यह कार्रवाई ब्याज माफियाओं के विरुद्ध राज्य में चल रहे अभियान की महत्वपूर्ण उपलब्धि मानी जा रही है। पुलिस का कहना है कि ग्रामीणों के आर्थिक शोषण और अवैध वसूली में लिप्त तत्वों के खिलाफ आगे भी कठोर कार्रवाई जारी रहेगी। यह कार्रवाई समाज में भयमुक्त वातावरण स्थापित करने तथा जरूरतमंद लोगों को सूदखोरी के जाल से बचाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम

# 45 वर्ष पुरानी नूरानी मस्जिद जमींदोज

## सड़क चौड़ीकरण परियोजना के तहत कार्रवाई, 3000 पुलिसकर्मी तैनात; इंटरनेट रहा बंद

- **सामाजिक सौहार्द और संवेदनशील संवाद की आवश्यकता हुई और अधिक प्रासंगिक**
- **134 मकानों ,5 धार्मिक स्थलों पर जेडीए की कार्रवाईः पर चर्चा का विषय नूरानी मस्जिद**

चमकता राजस्थान

जयपुर, (खलील कुरैशी) ।मालवीय नगर स्थित लगभग 45 वर्ष पुरानी नूरानी मस्जिद को सड़क चौड़ीकरण परियोजना के तहत प्रशासन द्वारा हटाए जाने की कार्रवाई के बाद अब केवल निर्माण ध्वस्तीकरण का मुद्दा ही नहीं, बल्कि जयपुर विकास प्राधिकरण (जेडीए) प्रशासन और राजस्थान वक्फ बोर्ड की भूमिका, सक्रियता तथा जवाबदेही भी चर्चा के केंद्र में आ गई है। क्षेत्र के लोगों, सामाजिक संगठनों और मुस्लिम समुदाय के विभिन्न वर्गों में यह प्रश्न प्रमुखता से उठ रहा है कि यदि मस्जिद का अस्तित्व चार दशक से अधिक पुराना था तो स्थिति को अंतिम समय तक पहुंचने से पहले समाधान क्यों नहीं खोजा गया।

- **45 वर्षों की धार्मिक विरासत हुई समाप्त**

वर्ष 1981 में स्थापित नूरानी मस्जिद पिछले करीब 45 वर्षों से क्षेत्रवासियों की धार्मिक आस्था का केंद्र रही। यहां नियमित रूप से पांचों वक्त नमाज अदा की जाती थी और बड़ी संख्या में लोग इससे जुड़े हुए थे। सड़क चौड़ीकरण परियोजना के तहत मस्जिद के साथ एक मजार, दो मंदिर और एक सत्संग भवन को भी हटाया गया, जिससे प्रशासन यह संदेश देने का प्रयास कर रहा है कि कार्रवाई परियोजना के दायरे में आने वाले सभी निर्माणों पर समान रूप से की गई।



### जेडीए की कार्यप्रणाली पर उठे प्रश्न

» हालांकि जेडीए का तर्क है कि सड़क विस्तार जनहित में आवश्यक था, लेकिन स्थानीय लोगों का कहना है कि इतने संवेदनशील मामले में पूर्व संवाद, पारदर्शिता, विश्वास निर्माण और सर्वसम्मति आधारित समाधान के प्रयास अधिक प्रभावी हो सकते थे। सवाल यह भी उठ रहे हैं कि यदि सड़क चौड़ीकरण की योजना लंबे समय से प्रस्तावित थी तो संबंधित पक्षों के साथ समय रहते समन्वय क्यों नहीं किया गया।

### राजस्थान वक्फ बोर्ड की निष्क्रियता चर्चा में

» इस पूरे घटनाक्रम के बाद राजस्थान वक्फ बोर्ड की भूमिका सबसे अधिक सवालों के घेरे में दिखाई दे रही है। समुदाय के अनेक लोगों का मानना है कि यदि वक्फ बोर्ड ने समय रहते कानूनी, प्रशासनिक और संवादात्मक स्तर पर सक्रिय पहल की होती तो स्थिति का कोई वैकल्पिक समाधान निकल सकता था।लोग यह जानना चाहते हैं कि मस्जिद से जुड़े मामले में वक्फ बोर्ड ने कितनी प्रभावी पैरवी की, क्या संबंधित अभिलेखों और स्वामित्व संबंधी तथ्यों को प्रशासन के समक्ष मजबूती से रखा गया तथा क्या पुनर्वास या वैकल्पिक व्यवस्था सुनिश्चित कराने के लिए पर्याप्त प्रयास किए गए। इन प्रश्नों का उत्तर अब भी सार्वजनिक रूप से स्पष्ट नहीं हो पाया है।

- **संवाद और समन्वय की कमी बनी चिंता का विषय**

विशेषज्ञों का मानना है कि धार्मिक स्थलों से जुड़े मामलों में केवल कानूनी प्रक्रिया ही पर्याप्त नहीं होती, बल्कि सामाजिक संवाद, विश्वास निर्माण और संवेदनशील प्रशासनिक दृष्टिकोण भी उतना ही आवश्यक होता है। नूरानी मस्जिद प्रकरण ने यह आवश्यकता पुनः रेखांकित की है कि विकास परियोजनाओं और धार्मिक आस्थाओं के बीच संतुलन स्थापित करने के लिए सभी पक्षों को समयबद्ध और सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए।

### शांति और सौहार्द का संदेश

कार्रवाई के दौरान प्रशासन ने व्यापक सुरक्षा व्यवस्था करते हुए लगभग 3000 पुलिसकर्मियों की तैनाती की तथा इंटरनेट सेवाओं पर भी अस्थायी रोक लगाई। राहत की बात यह रही कि पूरा घटनाक्रम शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ और सामाजिक सौहार्द बना रहा।नूरानी मस्जिद प्रकरण एक महत्वपूर्ण संदेश देता है कि विकास कार्यों, धार्मिक आस्थाओं और जनभावनाओं के बीच संतुलन स्थापित करने के लिए प्रशासनिक पारदर्शिता, संस्थागत जवाबदेही और समय पर संवाद अत्यंत आवश्यक हैं। साथ ही यह मामला राजस्थान वक्फ बोर्ड सहित सभी संबंधित संस्थाओं के लिए आत्ममंथन का विषय भी बन गया है कि भविष्य में ऐसे संवेदनशील मामलों में अधिक सक्रिय, प्रभावी और जनविश्वास आधारित भूमिका कैसे सुनिश्चित की जाए।

- **नूरानी मस्जिद ध्वस्तीकरणः सड़क चौड़ीकरण की आवश्यकता और प्रशासनिक जवाबदेही पर बहस**

जयपुर के मालवीय नगर क्षेत्र स्थित नूरानी मस्जिद को सड़क चौड़ीकरण परियोजना के तहत हटाए जाने के बाद इस कार्रवाई को लेकर व्यापक चर्चा जारी है। जयपुर विकास प्राधिकरण (जेडीए) के अनुसार क्षेत्र में लंबे समय से यातायात जाम की समस्या बनी हुई थी, जिसके समाधान के लिए सड़क चौड़ीकरण का कार्य प्रस्तावित किया गया।उपलब्ध जानकारी के अनुसार, परियोजना से प्रभावित कुल 143 संपत्तियों को नोटिस जारी किए गए थे। इनमें से 134 मकानों पर 22 मई को अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई थी, जबकि शेष संपत्तियों पर भी कार्रवाई प्रस्तावित थी। उस समय धार्मिक स्थलों को नहीं हटाया गया था।बाद में सड़क चौड़ीकरण योजना के अंतर्गत नूरानी मस्जिद के साथ एक मजार, दो छोटे मंदिर तथा एक सत्संग भवन को भी हटाया गया। प्रशासन का दावा है कि कार्रवाई परियोजना से प्रभावित सभी संरचनाओं पर समान रूप से की गई है और इसका उद्देश्य सार्वजनिक आवागमन को सुगम बनाना है।हालांकि, इस पूरे प्रकरण ने कई महत्वपूर्ण प्रश्न भी खड़े किए हैं। स्थानीय लोगों और विभिन्न सामाजिक संगठनों के बीच यह चर्चा का विषय बना हुआ है कि प्रभावित धार्मिक स्थलों के संबंध में संवाद, पुनर्वास, वैकल्पिक व्यवस्था तथा संबंधित संस्थाओं की भूमिका कितनी प्रभावी रही। विशेष रूप से राजस्थान वक्फ बोर्ड की सक्रियता और समय रहते कानूनी एवं प्रशासनिक प्रयासों को लेकर भी सवाल उठ रहे हैं।यह मामला केवल एक ढांचे के हटाए जाने तक सीमित नहीं है, बल्कि विकास परियोजनाओं, धार्मिक आस्थाओं, प्रशासनिक संवेदनशीलता और जनसहभागिता के बीच संतुलन स्थापित करने की चुनौती को भी रेखांकित करता है। जनहित की परियोजनाओं के साथ पारदर्शिता, संवाद और संवेदनशील दृष्टिकोण ही सामाजिक समरसता बनाए रखने का सबसे प्रभावी माध्यम माना जाता है।

## जिला कलक्टर संदेश नायक के निर्देशन एवं नेतृत्व में मानसून से पहले जिला प्रशासन अलर्ट

# आपदा प्रबंधन तैयारियों की जिला कलक्टर ने की व्यापक समीक्षा

## नियंत्रण कक्ष, नालों की सफाई, जलभराव रोकथाम और जर्जर भवनों के चिन्हीकरण के दिए निर्देश

चमकता राजस्थान

जयपुर (खलील कुरैशी), 8 जून।आगामी मानसून सत्र-2026 को देखते हुए जिला कलक्टर एवं जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के अध्यक्ष संदेश नायक ने सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में आपदा प्रबंधन तैयारियों की समीक्षा करते हुए सभी विभागों को समन्वित एवं समयबद्ध कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आपदा के दौरान आमजन की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है और किसी भी आपात स्थिति से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए सभी विभाग पूरी तत्परता से कार्य करें।

जिला कलक्टर ने सभी उपखण्ड अधिकारियों को बा-ढ़ नियंत्रण कक्ष स्थापित करने तथा आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। नगर निगम को शहर की सीवर लाइनों एवं नालों की तत्काल सफाई कराकर संबंधित अभियंताओं से प्रमाणीकरण कराने तथा उपखण्ड अधिकारियों द्वारा उसका सत्यापन करवाने को कहा गया।उन्होंने जिले के जीर्ण-शीर्ण विद्यालयों, आंगनबाड़ी केन्द्रों और पुराने निजी भवनों का चिन्हीकरण कर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही जलभराव संभावित क्षेत्रों में फॉगिंग एवं एंटी-लार्वा गतिविधियां संचालित



करने पर विशेष जोर दिया।बैठक में पीएचईडी विभाग को स्वच्छ पेयजल आपूर्ति एवं जलजनित रोगों की रोकथाम, विद्युत विभाग को ढीले तारों एवं ट्रांसफार्मरों की सुरक्षा व्यवस्था, तथा जल संसाधन विभाग को तालाबों एवं जल संरचनाओं की निगरानी एवं मरम्मत सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। नदी-नालों के बहाव क्षेत्र में स्थित पुलों एवं रपटों पर चेतावनी बोर्ड लगाने के भी निर्देश दिए गए।मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को जीवनरक्षक दवाओं की पर्याप्त उपलब्धता तथा मलेरिया नियंत्रण के उपाय सुनिश्चित करने, जबकि पशुपालन विभाग को पशुओं के टीकाकरण एवं औषधि व्यवस्था बनाए रखने को कहा गया। जिला रसद अधिकारी को आपातकालीन परिस्थितियों के लिए खाद्य सामग्री, पेट्रोल, डीजल, रसोई गैस एवं अन्य आवश्यक वस्तुओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।जिला कलक्टर ने नागरिक सुरक्षा विभाग को प्रशिक्षित तैराकों, गोताखोरों एवं रेस्क्यू स्वयंसेवकों की उपलब्धता सुनिश्चित करने तथा उपखण्ड स्तर पर भी आपदा प्रबंधन संसाधनों को सुदृढ़ रखने के निर्देश दिए।बैठक में अतिरिक्त जिला कलक्टर (दक्षिण) युगांतर शर्मा सहित नगर निगम, जेडीए, पीएचईडी, विद्युत, जल संसाधन, पीडब्ल्यूडी, स्वास्थ्य, पुलिस, एसडीआरएफ, गृह रक्षा, रेलवे, जयपुर मेट्रो, शिक्षा एवं अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।मानसून से पूर्व व्यापक तैयारियों के माध्यम से जिला प्रशासन ने स्पष्ट संकेत दिया है कि जन-सुरक्षा, त्वरित राहत और प्रभावी आपदा प्रबंधन को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाएगी।

# ऑस्ट्रेलिया-बांग्लादेश सीरीज से ट्रैविस हेड और मिचेल मार्श बाहर

## हेड छुट्टियों पर, मार्श को टखने की चोट; ऑस्ट्रेलिया की कप्तानी इंग्लिस करेंगे



**सिडनी (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलिया ने बांग्लादेश के खिलाफ वनडे और टी-20 सीरीज के लिए टीम की घोषणा कर दी है। स्टार ओपनर ट्रैविस हेड को आईपीएल के लंबे सीजन के बाद पर्सनल लीव दी गई है, जबकि कप्तान मिचेल मार्श टखने की चोट के कारण वनडे सीरीज से बाहर रहेंगे। वह अभी तक पूरी तरह फिट नहीं हो पाए हैं, इसलिए वनडे मुकाबलों में हिस्सा नहीं ले सकेंगे। मार्श की अनुपस्थिति में जोश इंग्लिस टीम की कप्तानी संभालेंगे। वह इससे पहले पाकिस्तान के खिलाफ सीरीज में भी ऑस्ट्रेलियाई टीम का नेतृत्व कर चुके हैं। लेग स्पिनर तनवीर संघा हैमस्ट्रिंग चोट के कारण दौरे से बाहर हो गए हैं। उनकी जगह ऑफ स्पिनर टॉड मर्फी को पहली बार ऑस्ट्रेलिया की लिमिटेड ओवर (वनडे) टीम में शामिल किया गया है।

### हेड के वर्कलोड मैनेजमेंट के लिए लिया गया फैसला

क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के सिलेक्टर्स ट्रैविस हेड के वर्कलोड को लेकर गंभीर हैं। हेड तीनों फॉर्मेट में ऑस्ट्रेलिया के मुख्य ओपनर हैं और अगले 12 महीनों में टीम का शेड्यूल व्यस्त है। आईपीएल 2026 में सनराइजर्स हैदराबाद के लिए प्लेऑफ मैच खेलने के कारण वह पाकिस्तान दौरे का हिस्सा नहीं बन पाए थे।क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के सिलेक्टर्स ट्रैविस हेड के वर्कलोड को लेकर गंभीर हैं। हेड तीनों फॉर्मेट में ऑस्ट्रेलिया के मुख्य ओपनर हैं और अगले 12 महीनों में टीम का शेड्यूल व्यस्त है। आईपीएल 2026 में सनराइजर्स हैदराबाद के लिए प्लेऑफ मैच खेलने के कारण वह पाकिस्तान दौरे का हिस्सा नहीं बन पाए थे। उन्हें पहले बांग्लादेश दौरे की वनडे और टी-20 दोनों टीमों में चुना गया था, लेकिन अब आराम दिया गया है। टी-20 टीम में उनके रिप्लेसमेंट का ऐलान अभी बाकी है। नेशनल सेलेक्टर टोनी डोडेमाइड ने कहा,ट्रैविस को शुरुआत में दोनों सीरीज के लिए चुना गया था, लेकिन बाद में उन्हें पर्सनल लीव दे दी गई है।

# वैभव सूर्यवंशी पर फिदा कंगना

## बोलीं-'वर्ल्ड कप लेकर आओ यार'




**पटना (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेटर वैभव सूर्यवंशी को भारतीय क्रिकेट टीम में चयन के बाद दुनिया भर से तारीफ मिल रही है। अब बॉलीवुड अभिनेत्री और भाजपा सांसद कंगना रनौत ने भी वैभव की जमकर तारीफ की। उन्होंने वैभव से वर्ल्ड कप की डिमांड कर दी है। कंगना ने कहा कि, 'हमारे पास क्रिकेट देखने का टाइम नहीं होता है, लेकिन मैं क्रिकेट में इस यंग मैन को बेस्ट विशेज देती हूं। वह भी सचिन और विराट की तरह अच्छा करें। उस पर प्रेशर नहीं है, मगर वर्ल्ड कप लेकर आओ यार।'बॉलीवुड अभिनेत्री और भाजपा सांसद कंगना रनौत ने भी वैभव की जमकर तारीफ की।

**वैभव सूर्यवंशी को उसके हाल पर छोड़ देना चाहिए: गांगुली** - दूसरी ओर पूर्व कप्तान सौरव गांगुली ने भारत के लिए डेब्यू की दहलीज पर खड़े स्टार युवा बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी को लेकर कहा कि, 'मेरा मानना है कि हमें उसे उसके हाल पर छोड़ देना चाहिए। वह अभी महज 15 साल का है और मुझे नहीं लगता कि वह दबाव की ज्यादा परवाह करेगा। आईपीएल में भी हमने यही देखा है।'

**वैभव को संभलकर खेलना होगा** - गांगुली आगे कहा कि, 'निश्चित रूप से भारत के लिए खेलना अलग बात है। वह ऐसे दौरे पर जाएगा, जहां विकेट थोड़े अलग होंगे। वहां गेंद अधिक सीम करेगी, उछाल ज्यादा होगा और नई गेंद से अधिक मूवमेंट मिलेगा। इसलिए खेल थोड़ा अलग होगा, लेकिन मुझे लगता है कि उसमें अपार प्रतिभा है। इसलिए उसे समय दीजिए।

**वैभव सूर्यवंशी का सिलेक्शन इंडियन टीम में हुआ** - बिहार के वैभव सूर्यवंशी का सिलेक्शन इंडियन टीम में हो गया है। वह इंडियन क्रिकेट टीम में चुने गए अब तक के सबसे युवा खिलाड़ी बन गए हैं। उन्होंने सचिन तेंदुलकर का भी रिकॉर्ड तोड़ दिया है। वैभव ने सचिन तेंदुलकर का रिकॉर्ड तोड़ दिया है। पुरुष क्रिकेटर्स में सचिन तेंदुलकर 16 साल, 194 दिन की उम्र में भारतीय टीम में चुने गए थे। वहीं, वैभव 15 साल 71 दिन में चुने गए हैं।

**ऑरेंज कैप जीतने वाले सबसे युवा खिलाड़ी बने वैभव** - वैभव को ऑरेंज कैप मिला है। वह ऑरेंज कैप जीतने वाले सबसे युवा खिलाड़ी बन गए हैं। उन्होंने महज 15 साल और 65 दिन की उम्र में यह उपलब्धि अपने नाम की है। 16 मैचों में उन्होंने 776 रन बनाए हैं, जो इस सीजन किसी भी बल्लेबाज के सबसे ज्यादा रन हैं। इस बीच उन्होंने एक शतक और 5 अर्धशतक भी अपने नाम किए हैं। वैभव ने साई सुदर्शन का रिकॉर्ड तोड़ दिया है। साई सुदर्शन आईपीएल 2025 में ऑरेंज कैप जीतने वाले सबसे युवा खिलाड़ी बने थे। उन्होंने ये उपलब्धि 23 साल 237 दिन की उम्र में हासिल की थी।



# 29 साल के ज्वेरेव ने जीता पहला ग्रैंड स्लैम

## ● फ्रेंच ओपन के फाइनल में कोबोली को हराया, पांच सेट तक चला मुकाबला



**पेरिस(एजेंसी)।** जर्मनी के एलेक्जेंडर ज्वेरेव ने अपने करियर का पहला ग्रैंड स्लैम खिताब जीत लिया है। उन्होंने फ्रेंच ओपन 2026 के फाइनल में इटली के फ्लेवियो कोबोली को हराया।

पेरिस में खेले गए मेंस सिंगल्स फाइनल में दूसरी सीड ज्वेरेव ने दसवीं वरीयता प्राप्त फ्लेवियो को पांच सेटों में 6-1, 4-6, 6-4, 6-7, 6-1 से हराया। 29 साल के ज्वेरेव 11 साल से ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंटों में खेल रहे हैं। इससे पहले वे ग्रैंड स्लैम में तीन बार फाइनल में और सात बार सेमीफाइनल में हार चुके थे।

फ्रेंच ओपन के अलावा, ऑस्ट्रेलियन ओपन, विम्बलडन और यूएस ओपन को ग्रैंड स्लैम टेनिस टूर्नामेंट कहा जाता है।

### टोक्यो ओलिंपिक में गोल्ड जीते थे

ज्वेरेव ने मास्टर्स 1000 इवेंट्स के साथ दो एटीपी फाइल्स भी जीते हैं। टोक्यो में ज्वेरेव ने ओलिंपिक गोल्ड भी जीता था लेकिन उनके खाते में ग्रैंड स्लैम खिताब नहीं था। इससे पहले 2020 यूएस ओपन, 2024 फ्रेंच ओपन और 2025 ऑस्ट्रेलिया ओपन का खिताबी मुकाबला वह हार चुके थे।

### 6-1 से एकतरफा जीत दर्ज की

ज्वेरेव ने मैच की शुरुआत धमाकेदार अंदाज में करते हुए पहला सेट आसानी से 6-1 से जीत लिया। इसके बाद कोबोली ने वापसी की और दूसरा सेट 6-4 से अपने नाम कर लिया। ज्वेरेव ने फिर तीसरा सेट 6-4 से जीता, लेकिन कोबोली ने चौथे सेट को टाई-ब्रेकर में 7-6(5) से जीतकर मुकाबले को पांचवें सेट में पहुंचा दिया। अंतिम सेट में ज्वेरेव ने एक बार फिर 6-1 से एकतरफा जीत दर्ज की।

### 89 साल बाद कोई जर्मन मेंस खिलाड़ी चैंपियन बना

ज्वेरेव फ्रेंच ओपन का खिताब जीतने वाले 89 साल के बाद पहले जर्मन मेंस खिलाड़ी बन गए हैं। उनसे पहले 1937 में जर्मनी के हेनर हेन्केल ने यह टूर्नामेंट जीता था। वहीं, किसी भी ग्रैंड स्लैम सिंगल्स का खिताब जीतने वाले आखिरी जर्मन मेंस खिलाड़ी बोरिस बेकर थे, जिन्होंने 1996 में ऑस्ट्रेलियन ओपन जीता था।

### कौन हैं उपविजेता फ्लेवियो कोबोली

फ्रेंच ओपन 2026 के फाइनल में पहुंचे फ्लेवियो कोबोली इटली के उभरते हुए टेनिस खिलाड़ियों में गिने जाते हैं। 24 साल के कोबोली पहली बार किसी ग्रैंड स्लैम फाइनल में पहुंचे थे। पूरे टूर्नामेंट में उन्होंने कई मजबूत खिलाड़ियों को हराकर फाइनल तक का सफर तय किया।






## ● मानव-सुंदर के आगे अफगानिस्तान ने घुटने टेके

# एक पारी और 300 रनों से भारत जीता

**चंडीगढ़ (एजेंसी)।** भारत ने महाराजा यादवेंद्र सिंह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में खेले गए एकमात्र टेस्ट मुकाबले में अफगानिस्तान को एक पारी और 300 रनों से रौंदा। पहली पारी में 152 रनों पर सिमटने के बाद अफगानिस्तान को फॉलोऑन खेलने के लिए मजबूर होना पड़ा। दूसरी इनिंग में मेहमान टीम का हाल और बेहाल रहा और पूरी टीम 112 रन बनाकर सिमट गई। दूसरी पारी में फॉलोऑन खेलने उतरी अफगानिस्तान को सेदिकुल्लाह अटल और अब्दुल मलिक ने सधी हुई शुरुआत दी और पहले विकेट के लिए 42 रन जोड़े। अब्दुल 8 रन बनाकर आउट हुए, तो अटल 80 गेंदों में 42 रन बनाने के बाद वॉशिंगटन सुंदर का शिकार बने। गुरबाज दूसरी पारी में भी बल्ले से कुछ खास कमाल नहीं दिखा सके और 24 रन बनाकर आउट हुए। पहली पारी में अर्धशतक लगाने वाले रहमत शाह दूसरी इनिंग में 13 रन ही बना सके। कप्तान शाहिदी 5 रन ही बना सके, तो अजमतुल्लाह उमरजई 4 रन बनाकर पवेलियन लौटे।

विकेटकीपर-बल्लेबाज अफसर जजई 8 रन बनाकर आउट हुए, तो खरोटी सिर्फ 6 रन ही बना सके। मोहम्मद सलीम बिना खाता खोले आउट हुए और अशरफ चोटिल होने की वजह



### अफगानिस्तान ने 39 रन बनाने में 5 विकेट गंवा दिए थे

भारत और अफगानिस्तान के बीच एकमात्र टेस्ट मुकाबला मुल्लांपुर के महाराजा यादवेंद्र सिंह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में खेला जा रहा है। भारत द्वारा बनाए गए 564 रनों के जवाब में अफगानिस्तान की पूरी टीम पहली पारी में 152 रन बनाकर सिमट गई। मानव सुथार विपक्षी टीम के बल्लेबाजों के लिए अबूझ पहेली साबित हुए। टेस्ट के तीसरे दिन अफगानिस्तान ने 113 पर 5 विकेट के स्कोर से आगे खेलना शुरू किया और टीम ने अपने अगले 5 विकेट 39 रन जोड़कर गंवा दिए। अफगानिस्तान की तरफ से सिर्फ रहमत शाह ही भारतीय गेंदबाजों का टिककर सामना कर सके और उन्होंने 60 रनों की पारी खेली। हालांकि, उन्हें दूसरे छोर से बाकी बल्लेबाजों का साथ नहीं मिल सका। तीसरे दिन की शुरुआत अफगानिस्तान के लिए अच्छी नहीं रही और अजमतुल्लाह उमरजई बिना खाता खोले प्रसिद्ध कृष्णा की गेंद पर क्लीन बोल्ड हुए।

## राज्यसभा चुनाव 2026:

# भाजपा प्रत्याशियों सतीश पूनिया एवं अलका गुर्जर ने भरा नामांकन, पूर्व विधायक आलोक बेनीवाल रहे मौजूद

चमकता राजस्थान

जयपुर!(खलील कुरैशी)8 जून राजस्थान से राज्यसभा की तीन सीटों के लिए होने वाले द्विवार्षिक निर्वाचन के तहत भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी अलका सिंह एवं डॉ. सतीश पूनिया ने सोमवार को रिटर्निंग ऑफिसर भारत भूषण शर्मा के समक्ष अपना नामांकन पत्र प्रस्तुत किया।नामांकन दाखिल करने के दौरान भाजपा नेता एवं शाहपुरा के पूर्व विधायक आलोक बेनीवाल भी उपस्थित रहे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे, भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़, उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी एवं डॉ. प्रेमचंद बैरवा सहित पार्टी के अनेक वरिष्ठ नेता, सांसद, विधायक और पदाधिकारी मौजूद रहे।कार्यक्रम में उपस्थित नेताओं ने दोनों प्रत्याशियों को मिठाई खिलाकर शुभकामनाएं दीं तथा राज्यसभा निर्वाचन में उनकी सफलता के लिए मंगलकामनाएं व्यक्त कीं। नामांकन प्रक्रिया के दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों में उत्साह का माहौल देखने को मिला।भाजपा नेतृत्व ने विश्वास जताया कि पार्टी के प्रत्याशी अपने अनुभव, संगठनात्मक क्षमता और जनसेवा के संकल्प के साथ राज्यसभा में राजस्थान की प्रभावी आवाज बनेंगे। नामांकन कार्यक्रम पार्टी की एकजुटता और संगठनात्मक मजबूती का भी प्रतीक बना।





## ऑस्ट्रेलिया ओपन

# सिंधू की निगाह खिताब पर, पुरुष वर्ग में आयुष करेंगे अगुवाई



**सिडनी (एजेंसी)।** दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू मंगलवार से यहां शुरू होने वाले ऑस्ट्रेलिया ओपन सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट में लंबे समय से चले आ रहे खिताब के सूखे को खत्म करने की कोशिश करेंगी, जबकि उभरते सितारे आयुष शेट्टी पुरुष एकल में भारतीय चुनौती की अगुवाई करेंगे। तीसरी वरीयता प्राप्त सिंधू 2024 में सैयद मोदी इंटरनेशनल जीतने के बाद से अपना पहला बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर खिताब जीतने की कवायद में हैं।

पूर्व विश्व चैंपियन का इस सत्र का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन जनवरी में मलेशिया ओपन के सेमीफाइनल में पहुंचना रहा है। सिंधू को यहां अनुकूल ड्रॉ मिला है। इस 30 वर्षीय खिलाड़ी का पहला मैच पेरू की इनेस लूसिया कैस्टिलो से होगा। इस मैच में जीत दर्ज करने के बाद उनका सामना हमवतन इशारानी बरुआ और चीन की हान कियान शी के बीच होने वाले मैच के विजेता से होगा। सिंधू पिछले सप्ताह इंडोनेशिया ओपन में राउंड-ऑफ-16 में पहुंची थी जहां उन्हें विश्व की नंबर एक खिलाड़ी आन से-यंग से हार का सामना करना पड़ा था।

अगर सिंधू सेमीफाइनल तक पहुंचती है तो वहां उनका सामना जापान की विश्व में तीसरे नंबर की खिलाड़ी अकाने यामागुची से हो सकता है। फाइनल में उनका मुकाबला थाईलैंड की दूसरी वरीयता प्राप्त पोर्नपावी चोचुवोंग से हो सकता है। महिला एकल ड्रॉ में ही तन्वी शर्मा का सामना चीनी ताइपे की पांचवीं वरीयता प्राप्त चियू पिन-चियान से, जबकि मालविका बंसोड़ का मुकाबला मलेशिया की गोह जिन वेई से होगा।

## संक्षिप्त समाचार

### गोड्डा के कोयला-परसा मार्ग पर दरगाह के पास जलजमाव से लोग परेशान

**गोड्डा, एजेंसी।** गोड्डा जिले के महागमा प्रखंड के ग्राम पंचायत कोयला में बुनियादी सुविधाओं का अभाव अब आम जनता के लिए जी का जंजाल बन गया है। कोयला-परसा मुख्य मार्ग पर कोयला दरगाह के पास पिछले कई महीनों से सड़क पर गंदा पानी जमा है। नाला निर्माण नहीं होने के कारण इस मुख्य रास्ते ने अब एक गंदे तालाब का रूप ले लिया है, जिससे आने-जाने वाले राहगीरों और स्थानीय लोगों की परेशानी कोयला दरगाह के ठीक सामने हमेशा गंदा और बदबूदार पानी जमा रहता है। इससे यहां आने वाले अकीदतमंदों और नमाजियों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। पवित्र स्थल के पास इस तरह जलजमाव होने से लोगों की धार्मिक भावनाएं भी आहत हो रही हैं। वहीं, दूषित पानी के कारण मच्छरों का प्रकोप बढ़ गया है, जिससे क्षेत्र में महामारी फैलने का खतरा मंडरा रहा है। समस्याका कोई प्रशासनिक समाधान न निकलता देख अब ग्रामीणों ने अपनी स्थानीय विधायक और राज्य की ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडेय सिंह से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है। ग्रामीणों को उम्मीद है कि विभाग की कमान संभाल रहीं उनकी विधायक इस गंभीर मुद्दे को प्राथमिकता देगी।

### सरायकेला-खरसावां: एनएच-33 पर दो ऑटो की टक्कर, 6 लोग घायल

**चांडिल, एजेंसी।** चांडिल थाना क्षेत्र अंतर्गत टाटा-रांची मार्ग एनएच-33 पर कारनीडीह-भादुडीह के पास रविवार सुबह करीब 7 :30 बजे दो सवारी ऑटो (टेम्पो) के बीच भीषण टक्कर हो गई। इस हादसे में दोनों ऑटो (टेम्पो) में सवार कुल 6 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जबकि टक्कर के बाद एक ऑटो (टेम्पो) अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार टक्कर इतनी तेज थी कि जोरदार आवाज सुनकर आसपास के लोग घटनास्थल की ओर दौड़ पड़े। घटना स्थल पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया और घायलों की चीख-पुकार से पूरा इलाका दहल उठा। हादसे के बाद कुछ समय के लिए एनएच-33 पर यातायात भी प्रभावित हो गया। घटना की सूचना मिलते ही हाइवे पर अबतक दर्जनों लोगों की जान बचाने वाले स्थानीय युवक शेखर गांगुली और स्थानीय ग्रामीणों ने तत्परता दिखाते हुए दुर्घटनाग्रस्त ऑटो में फंसे सभी घायलों को बाहर निकाला। इसके बाद आनन-फानन में एम्बुलेंस को सूचना दी गई और सभी घायलों को प्राथमिक इलाज के बाद बेहतर इलाज के लिए एमजीएम अस्पताल जमशेदपुर भेजा गया। घायलों की स्थिति पर नजर रखी जा रही है।

### रामगढ़ पहुंचे भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन, ढोल-नगाड़ों के साथ हुआ जोरदार स्वागत

**रामगढ़, एजेंसी।** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन रविवार सुबह करीब 7 :00 बजे झारखंड के रामगढ़ जिला पहुंचे, जहां कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह देखा गया। उनके आगमन पर शहीद निर्मल महतो चौक पर ढोल-नगाड़ों और फूल-मालाओं के साथ भव्य स्वागत किया गया। सुबह 6 :00 बजे से ही कार्यकर्ता फूल-माला लेकर अपने नेता के स्वागत के लिए कतार में खड़े थे। नितिन नवीन के पहुंचते ही कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी करते हुए उनका जोरदार अभिनंदन किया। झारखंडी परंपरा के अनुसार उन्हें पत्तों का मुकुट पहनाया गया। इसके बाद उन्होंने लाइन में लगे कार्यकर्ताओं से मुलाकात की। रांची से रामगढ़ तक विभिन्न स्थानों पर भाजपा के झंडे और पोस्टर लगाए गए थे। रामगढ़ पहुंचने पर नितिन नवीन ने सबसे पहले शहीद निर्मल महतो की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इसके बाद कार्यकर्ताओं ने उन्हें गुलाब के फूल और बुके देकर स्वागत किया।

### बड़गाईं जमीन मनी लॉन्ड्रिंग मामले में सीएम हेमंत सोरेन को राहत नहीं, डिस्चार्ज याचिका खारिज

**रांची, एजेंसी।** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को 8 l86 एकड़ जमीन घोटाले और मनी लॉन्ड्रिंग मामले में बड़ा झटका लगा है। प्रीवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट पीएमएलए की विशेष कोर्ट ने सीएम हेमंत सोरेन की डिस्चार्ज याचिका खारिज कर दी। पिछली सुनवाई में कोर्ट ने इडी और सीएम हेमंत सोरेन का पक्ष सुनने के बाद अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। सोमवार को कोर्ट ने अपना फैसला सुनाते हुए याचिका खारिज कर दी है। डिस्चार्ज याचिका खारिज होने के बाद अब यह केस ट्रायल की ओर बढ़ सकता है। यह मामला बड़गाईं के 8.86 एकड़ जमीन से जुड़ा हुआ है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने इस मामले में पांच दिसंबर 2025 को याचिका दाखिल कर खुद को निर्दोष बताते हुए मामले से आरोप मुक्त किए जाने की मांग की थी। इस याचिका पर दोनों पक्षों की बहस पूरी होने के बाद अदालत ने अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था।

अब बिहार के विश्वविद्यालयों में इंटर्नशिप अनिवार्य,

# चौथे सेमेस्टर के बाद करना होगा 120 घंटे का प्रशिक्षण

**पटना, एजेंसी।** बिहार के विश्वविद्यालयों और उनसे संबद्ध कॉलेजों में पढ़ने वाले स्नातक छात्रों के लिए अब इंटर्नशिप उच्च शिक्षा का अनिवार्य हिस्सा बनने जा रही है। राज्यपाल सचिवालय ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति यानी एनईपी-2020 के अनुरूप तैयार की गई है। नई गाइडलाइन को मंजूरी देते हुए इसकी अधिसूचना जारी कर दी है। नई व्यवस्था के तहत चार वर्षीय सीबीसीएस आधारित स्नातक पाठ्यक्रमों में अध्ययनरत विद्यार्थियों को डिग्री प्राप्त करने से पहले निर्धारित अवधि की इंटर्नशिप पूरी करनी होगी।




120 घंटे का प्रशिक्षण पूरा करना अनिवार्यः इस निर्णय का उद्देश्य छात्रों को केवल सैद्धांतिक ज्ञान तक सीमित न रखकर बल्कि उन्हें व्यावहारिक अनुभव और रोजगारोन्मुख कौशल से जोड़ना है। नई गाइडलाइन के अनुसार विश्वविद्यालयों में पढ़ने वाले स्नातक छात्रों को चौथे सेमेस्टर की परीक्षा के बाद इंटर्नशिप करनी होगी। यह इंटर्नशिप चार से छह सप्ताह की अवधि की होगी और कुल 120 घंटे का प्रशिक्षण पूरा करना अनिवार्य रहेगा।

पांचवें सेमेस्टर में होगा मूल्यांकनः इसके लिए विद्यार्थियों को चार क्रेडिट दिए जाएंगे, जिनका मूल्यांकन पांचवें सेमेस्टर में किया जाएगा। यदि कोई छात्र निर्धारित समय पर इंटर्नशिप पूरी नहीं कर पाता है तो उसे पांचवें सेमेस्टर की समाप्ति से पहले यह प्रक्रिया पूरी करनी होगी।

लोकभवन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों में स्पष्ट किया गया है कि समूह आधारित इंटर्नशिप की अनुमति नहीं होगी। प्रत्येक छात्र को व्यक्तिगत रूप से निर्धारित कार्य करना होगा। कुल 120 घंटे की इंटर्नशिप में से कम-से-कम 90 घंटे उस संस्थान में कार्य करना होगा, जहां प्रशिक्षण लिया जा रहा है। इससे छात्रों को वास्तविक कार्य संस्कृति और पेशेवर माहौल को समझने का अवसर मिलेगा।

संस्थानों के चयन की प्राथमिकताः गाइडलाइन में इंटर्नशिप के लिए संस्थानों के चयन की प्राथमिकता भी तय की गई है। सबसे पहले केंद्र और राज्य सरकार के विभागों में अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे। इसके बाद सार्वजनिक उपक्रमों यानी पीएसयू, स्थानीय निकायों, पंचायतों, सरकारी सहायता प्राप्त स्वायत्त संस्थानों, निजी उद्योगों, प्रतिष्ठित गैर-सरकारी संगठनों, स्वयं सहायता समूहों और अन्य पंजीकृत संस्थानों में छात्रों को इंटर्नशिप करने का मौका दिया जाएगा।

ऑनलाइन या वर्चुअल इंटर्नशिपः नई व्यवस्था की एक खास बात यह भी है कि कार्य की प्रकृति के अनुसार कॉलेजों की अनुमति से छात्र ऑनलाइन या वर्चुअल इंटर्नशिप भी कर सकेंगे। इसके लिए स्वयं पोर्टल सहित अन्य सरकारी डिजिटल प्लेटफॉर्म का उपयोग किया जा सकेगा। इससे दूरदराज के क्षेत्रों के विद्यार्थियों को भी बेहतर संस्थानों से जुड़ने का अवसर मिलेगा।

क्या कहते हैं जानकार?: उच्च शिक्षा के विशेषज्ञ शिक्षाविद गुरु रहमान का मानना है कि यह कदम विद्यार्थियों को रोजगार और उद्योग की जरूरतों के अनुरूप तैयार करने में महत्वपूर्ण साबित होगा। नई शिक्षा नीति के तहत शुरू की जा रही यह व्यवस्था बिहार के विश्वविद्यालयों में पढ़ाई को अधिक व्यावहारिक और कौशल आधारित बनाने की दिशा में एक कारगर प्रयास होगा।

## विराट रामायण मंदिर में 18 फीट ऊंची नंदी की मूर्ति

**पटना, एजेंसी।** विराट रामायण मंदिर में विश्व का सबसे बड़ा शिवलिंग स्थापित हो चुका है। अब यहां नंदी जी की प्रतिमा स्थापित होगी, जिसका निर्माण अरूण योगीराज करेंगे। उन्होंने इस मूर्ति के निर्माण की सहमती दे दी है। अरूण योगीराज ने ही अयोध्या में राममंदिर में रामलला की दिव्य प्रतिमा बनाई है। विराट रामायण मंदिर में 18 फीट ऊंचे नंदी भगवान का निर्माण 18 महीने में पूरा हो जाएगा। इस अवधि के दौरान जहां नंदी जी की स्थापना की जानी है, मंदिर के उस भाग को छोड़कर शेष हिस्सों का निर्माण कार्य जारी रहेगा।

श्री महावीर स्थान न्यास समिति के सचिव सायण कुणाल ने कहा कि हमें यह बताते हुए हर्ष हो रहा है कि अरुण योगीराज ने हमारे लिए नंदी जी की प्रतिमा का निर्माण करने की सहमति दी है। 18 फीट ऊंची यह भव्य प्रतिमा 18 महीनों में पूर्ण होने की संभावना है। अरुण योगीराज ने अयोध्या में रामलला की दिव्य प्रतिमा और नई दिल्ली के कर्तव्य पथ (इंडिया गेट) पर स्थापित नेताजी सुभाष चंद्र बोस की भव्य प्रतिमा का निर्माण किया है।



अरुण योगीराज देश के प्रतिष्ठित शिल्पकारों में से एक हैं। उन्होंने शनिवार को विराट रामायण मंदिर परियोजना स्थल का भी भ्रमण किया और इस परियोजना की परिकल्पना को पास से देखा। उन्होंने कहा कि विराट रामायण मंदिर से उनका जुड़ना एक ऐतिहासिक उपलब्धि है। यह मंदिर के निर्माण में उत्कृष्ट गुणवत्ता, अद्वितीय शिल्पकला और आध्यात्मिक भव्यता के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। योगीराज ने सचिव सायण कुणाल के अलावा न्यास समिति के अन्य सदस्यों के साथ विस्तार से चर्चा की।

विराट रामायण मंदिर पद्मश्री आचार्य किशोर कुणाल का ड्रीम प्रोजेक्ट है। श्री महावीर स्थान न्यास समिति द्वारा जानकीनगर (कैथवलिया) में 120 एकड़ में निर्माण हो रहा है।

## शिक्षक हितों के लिए सड़क पर उतरेगा अटेवा

### पुरानी पेंशन और टीईटी मुद्दे पर शुरू करेगा जनजागरण यात्रा

**लखनऊ , एजेंसी।** शिक्षक हितों के लिए अटेवा सड़क पर उतरेगा। पुरानी पेंशन और टीईटी मुद्दे पर 11 जून से जनजागरण यात्रा निकालेंगे। 25 सितंबर को लखनऊ में रैली की जाएगी।




बैठक में अटेवा के प्रदेश अध्यक्ष विजय कुमार बन्धु ने कहा कि आज टीईटी अनिवार्यता के कारण लाखों शिक्षकों की नौकरी खतरे में हैं। पुरानी पेंशन बहाल न होने से शिक्षक और कर्मचारियों को सेवानिवृत होने पर दर-दर की ठोकरें खानी पड़ रही हैं। इसलिए अटेवा द्वारा लखनऊ में काकोरी से 11 जून को 11 बजे शहीदों को नमन कर जनजागरण यात्रा प्रारंभ की जाएगी जो विभिन्न ब्लॉकों व जिलों में जाएगी।

प्रदेश महामंत्री डॉ. नीरजपति त्रिपाठी ने बताया कि 10 जुलाई से 15 अगस्त तक जनजागरण गोष्ठी, 29 अगस्त को जिला मुख्यालय में तिरंगा यात्रा और 25 सितंबर को लखनऊ में रैली की जाएगी। इसके माध्यम से सरकार से पुरानी पेंशन बहाली और टीईटी की अनिवार्यता पर सकारात्मक निर्णय लेने की अपील की जायेगी।

प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. आशाराम व चन्द्रहास सिंह ने कहा कि आज शिक्षकों से एसआईआर से लेकर जनगणना तक सभी काम लिए जा रहे हैं। इनको करने के साथ ही उसे बच्चों को पढ़ाने का भी जिम्मा है। इतने काम होने के बावजूद अब उसे बुढ़ापे में टीईटी पास करने के लिए कहा जा रहा है जोकि न्यायसंगत नहीं है।

प्रदेश सलाहकार ओम प्रकाश कनौजिया, जनार्दन शुक्ला, रजत प्रकाश, सूफियान अहमद, कुलदीप सैनी, धर्मेंद्र गोयल, सुमन कुरील, डॉ. राजेश कुमार ने कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की। बैठक में रंजना सिंह, ज्ञान प्रकाश त्रिपाठी, विजय प्रताप बुढ़नपुरी, नरेन्द्र कुमार, अशोक कन्नौजिया आदि उपस्थित थे।

मतदाता पुनरीक्षण-2025 की प्रक्रिया पूरी

## दस जून को ही जारी होगी अंतिम सूची

**लखनऊ, एजेंसी।** पंचायत चुनाव के मद्देनजर मतदाता पुनरीक्षण-2025 की प्रक्रिया अब पूरी हो गई है। अनंतिम सूची जारी करने के बाद आए दावे-आपत्तियों पर सुनवाई कर उनको निस्तारित कर दिया गया है। पूरा डाटा ऑनलाइन फीड कर दिया गया है। दस जून को राज्य निर्वाचन आयोग अंतिम सूची प्रकाशित करेगा। अब इसमें देरी की कोई गुंजाइश नहीं बची है।




राज्य निर्वाचन आयोग ने पंचायत चुनाव के लिए मतदाता पुनरीक्षण अभियान चलाया था। 18 दिसंबर 2025 को आयोग ने अनंतिम सूची जारी की थी। जिसमें पता चला था कि पुनरीक्षण के दौरान 1.81 करोड़ नए मतदाता जोड़े गए हैं जबकि 1.41 करोड़ अयोग्य लोगों के नाम सूची से हटाए गए हैं। पिछले चुनाव की अपेक्षा इस सूची में कुल 40.19 लाख मतदाता बढ़े थे। आयोग ने अनंतिम सूची पर दावे और आपत्तियां मांगे थे। लाखों आपत्तियां आईं। एक के बाद एक पांच बार अंतिम सूची प्रकाशन की तारीख बढ़ाई गई। आखिर में दस जून 2026 की तारीख तय की गई है।

विभागीय अधिकारियों के मुताबिक अंतिम सूची को लेकर आयोग ने सभी प्रक्रियाएं पूरी कर ली हैं। सभी मतदाताओं को 9 अंकों का स्टेट वोटर नंबर भी दिया गया है। इसी तरह के कई और व्यवस्थाएं की गई हैं, जिससे चुनाव प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी व व्यवस्थित होगी। आयोग दस जून को अंतिम सूची जारी कर देगा। जिससे स्पष्ट हो जाएगा कि पिछली बार की अपेक्षा कितने वोटर बढ़े। इसके अलावा अन्य डाटा भी मिल जाएगा। अनंतिम सूची की अपेक्षा इसमें मामूली बदलाव संभव है।

### तैयारी पूरी, फिलहाट टल गए हैं चुनाव

आयोग ने अपनी तैयारी लगभग पूरी कर ली है। चूंकि धीरे धीरे चुनाव का समय बढ़ता गया, इसलिए आयोग भी मतदाता सूची जारी करने की तारीख आगे बढ़ाता गया। जिससे उनको सूची को और व्यवस्थित करने का मौका मिल गया। फिलहाल सरकार प्रधानों को प्रशासक नियुक्त कर चुकी है। स्पष्ट है कि चुनाव फिलहाल टल गए हैं।

रक्षा मंत्री एवं लखनऊ के सांसद राजनाथ ने गिनाईं उपलब्धियां

## प्रबुद्ध नागरिकों ने बताईं अगली जरूरतें

**लखनऊ, एजेंसी।** रक्षा मंत्री एवं लखनऊ के सांसद राजनाथ सिंह ने रविवार को आयोजित प्रबुद्धजन संवाद में शहर के विकास कार्यों और उपलब्धियों का उल्लेख किया, वहीं प्रबुद्ध नागरिकों ने लखनऊ के विकास को नई गति देने के लिए कई महत्वपूर्ण सुझाव और मांगें उनके समक्ष रखीं। इनमें अमृतसर के लिए सीधी हवाई सेवा, वंदे भारत ट्रेन संचालन, मेट्रो नेटवर्क विस्तार और सांस्कृतिक केंद्र की स्थापना जैसे मुद्दे प्रमुख रहे।






कार्यक्रम में राजनाथ सिंह ने कहा कि लखनऊ तेजी से रक्षा उत्पादन और अनुसंधान के एक बड़े केंद्र के रूप में उभर रहा है। उन्होंने बताया कि ब्रह्मोस मिसाइल परियोजना और डीआरडीओ की प्रयोगशालाओं के विस्तार से युवाओं को शोध और नवाचार के अभूतपूर्व अवसर मिल रहे हैं। उन्होंने शहर के बुनियादी ढांचे में हुए बदलावों का भी उल्लेख किया। ट्रैफिक समस्या के समाधान के लिए बनाई गई रिंग रोड, राज्य की मजबूत कानून-व्यवस्था और लखनऊ-कानपुर एक्सप्रेसवे जैसी परियोजनाओं का जिक्र किया।

इसके अतिरिक्त संवाद में हरित विकास, पौधरोपण और अधिवक्ताओं के कल्याण से जुड़े विषयों पर भी चर्चा हुई। इस दौरान उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, भाजपा महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी, विधान परिषद सदस्य रामचंद्र प्रधान, मुकेश शर्मा, सांसद प्रतिनिधि दिवाकर त्रिपाठी, महानगर महामंत्री घनश्याम दास अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में प्रबुद्ध नागरिक, वरिष्ठ पदाधिकारी और पार्षद मौजूद रहे।

अवध अंडरपास के लिए जताया आभार

संवाद के दौरान प्रबुद्ध नागरिकों ने आलमबाग स्थित अवध अंडरपास के निर्माण के लिए रक्षामंत्री का आभार जताया, जिससे क्षेत्र में जाम की समस्या से राहत मिली है। इसके साथ ही उन्होंने शहर के विभिन्न हिस्सों में मेट्रो नेटवर्क के विस्तार की आवश्यकता भी रेखांकित की। कार्यक्रम में मौजूद सिख समाज के प्रतिनिधियों ने लखनऊ से अमृतसर के लिए सीधी हवाई सेवा और वंदे भारत ट्रेन शुरू किए जाने की मांग रखी।

उनका कहना था कि इससे दोनों शहरों के बीच यात्रियों की आवाजाही अधिक सुगम हो सकेगी। साथ ही सिख समाज के धार्मिक और सामाजिक आयोजनों के लिए एक स्थायी सांस्कृतिक केंद्र या सभास्थल विकसित करने का सुझाव भी दिया गया।

## एक लाख का इनामी भानु प्रताप सिंह एसटीएफ मुठभेड़ में ढेर, दर्ज थे 40 से अधिक मुकदमे

**लखनऊ, एजेंसी।** प्रयागराज एसटीएफ टीम ने रविवार देर रात अयोध्या के महाराजगंज थाना क्षेत्र में हुई मुठभेड़ में कुख्यात बदमाश व कॉन्ट्रैक्ट किलर भानु प्रताप सिंह को मार गिराया। घायल अवस्था में उसे मेडिकल कॉलेज अयोध्या लाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

बताया गया कि भानु प्रताप सिंह मूल रूप से गोरखपुर जिले के बेलघाट थाना क्षेत्र के विधनापार का रहने वाला था। उस पर हत्या, डकैती समेत विभिन्न गंभीर धाराओं में 40 से अधिक मुकदमे दर्ज थे। वह लंबे समय से पुलिस के लिए चुनौती बना हुआ था। सूत्रों की माने तो भानु पर विभिन्न जनपद में एक लाख रुपये, 50 हजार रुपये व 15 हजार रुपये का इनाम घोषित था।

सूत्रों के अनुसार प्रयागराज एसटीएफ की टीम ने इंस्पेक्टर जेपी राय के नेतृत्व में कार्रवाई की। महाराजगंज थाना क्षेत्र में हुई मुठभेड़ के दौरान भानु प्रताप सिंह के सीने में गोली लगी। देर रात करीब 12 बजे के बाद उसे मेडिकल कॉलेज अयोध्या पहुंचाया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

घटना के बाद पुलिस और एसटीएफ के अधिकारी मौके पर जांच-पड़ताल में जुटे रहे। मुठभेड़ की सूचना मिलते ही क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था भी बढ़ा दी गई। दर्शन नगर चौकी इंचार्ज बृजभूषण ने बताया कि मुठभेड़ के बाद घायल अवस्था में भानु को मेडिकल कॉलेज लाया गया था जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया

## ‘धंधे के लिए गाय को भी नहीं बख्शा तो तुम्हें क्या छोड़ेंगे’: शंकराचार्य

**आगरा, एजेंसी।** आर्थिक लाभ और अपने धंधे के लिए मुख्यमंत्री ने गाय को भी नहीं बख्शा है तो तुम्हें क्या छोड़ेंगे। गाय के नाम पर सत्ता में काबिज हुए थे। आज हिंदुओं के साथ मुस्लिम भी गाय को राष्ट्र माता घोषित करने की मांग कर रहे हैं तो कह रहे हैं कि इसकी जरूरत नहीं है। इसे तो गर्व से घोषित करना चाहिए। ये बातें रविवार को ज्योतिष पीठाधीश्वर शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने कही।

वह धाकरान चौराहे पर गो रक्षार्थ धर्मयुद्ध यात्रा में आए थे। वहां से पालकी पर नाई की मंडी स्थित श्री प्रेमनिधि मंदिर पहुंचे, जहां उनका फूल बरसाकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर आयोजित धर्म सभा में उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी इतने दबाव के बाद गाय को माता कहते हैं। इसके पीछे उन्हें डर है जबकि गोरखनाथजी गाय को माता मानते थे।



**हिंदुओं की आंखें खोलने आए :** शंकराचार्य ने कहा कि हम बिना बुलाए कहीं नहीं जाते थे लेकिन मर्यादा को छोड़ गो रक्षार्थ धर्मयुद्ध यात्रा से गली-गली पहुंच रहे हैं। घूम-घूम कर हिंदुओं की आंखें खोलने आए हैं। आपके साथ धोखा हो रहा है। इससे असली हिंदू को परेशानी होगी। गोमाता को राष्ट्रमाता का दर्जा दिलाने के लिए हिंदुओं की आंख खोलना जरूरी है।

**अहंकार में चूर हैं मुख्यमंत्री :** शंकराचार्य ने कहा कि सभी मुख्यमंत्री और नेता शंकराचार्यों का सम्मान करते हैं। मुगल और अंग्रेजों ने भी कभी अपमान नहीं किया। मगर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री अहंकार में चूर हैं। जो सरकार गोवध नहीं रोक सकती, गाय को राष्ट्रमाता का दर्जा नहीं दे सकती, उसे सत्ता में रहने का अधिकार नहीं है। उसे सत्ता से उतार फेंको। अबकी बार गोमाता की रक्षा के लिए वोट करें।

**हर नेता को देनी है परीक्षा :** उन्होंने कहा कि चुनाव से पहले हर नेता को परीक्षा देनी है। अब तक महाराष्ट्र के तत्कालीन मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे परीक्षा में पास हुए हैं। उनके अलावा किसी ने गाय को राष्ट्रमाता की मान्यता देने की बात नहीं की है। नई पीढ़ी को बताने की जरूरत है कि गाय केवल दूध का साधन नहीं है। हर विधानसभा में एक नोट गाय के नाम चलाकर गोधाम में गाय की सेवा करें।

**धाकरान चौराहे पर हल किया भेंट :** धाकरान चौराहे पर धर्मसभा में शंकराचार्य को हल भेंट किया गया। इस पर शंकराचार्य ने कहा कि यह भारतीय किसान की ताकत थी। गाय का बछड़ा भी बड़ा होकर किसान के साथ इस हल से अन्न पैदा कर राष्ट्र के पेट को भरता था। उन्होंने सभा में मौजूद सभी लोगों को गोमाता रक्षा और राष्ट्रमाता का दर्जा दिलाने के लिए शपथ दिलाई। इस दौरान दिनेश पचौरी, सुरेश पचौरी, आशीष बल्लभ पचौरी, रानू, नरेश, आदित्य, आयुष, अपूर्व शर्मा, मनीष धाकड़, नवीन शर्मा, मदन मोहन शर्मा, हैप्पी शिवहरे, सागर आदि मौजूद रहे।

**मुस्लिम समाज ने किया समर्थन :** भारतीय मुस्लिम विकास परिषद ने जगद्गुरु शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद के गो-रक्षार्थ धर्मयुद्ध यात्रा का समर्थन करते हुए पत्र सौंपा। राष्ट्रीय महासचिव सैयद इरफान अहमद सलीम ने शंकराचार्य से कहा कि गाय में करोड़ों हिंदुओं की आस्था निहित है। मुस्लिम समाज गाय को माता घोषित करने की मांग करता है।

## नाला सफाई में मिली लापरवाही, ठेकेदार पर 50 हजार जुर्माना

**वाराणसी, एजेंसी।** नाला सफाई कार्य का निरीक्षण रविवार को मेयर अशोक कुमार तिवारी और नगर आयुक्त हिमांशु नागपाल ने किया। ट्रॉमा सेंटर से सनबीम स्कूल तक चल रहे नाला सफाई कार्य की गुणवत्ता खराब मिलने पर नगर आयुक्त हिमांशु नागपाल ने कड़ा रुख अपनाते हुए संबंधित ठेकेदार पर 50 हजार रुपये का जुर्माना लगाया। निर्देश दिए कि समय से गुणवत्ता पूर्ण तरीके से नाले की सफाई पूरी कराएं।

इसके अलावा जगतगंज वार्ड के तहत मरी माई मंदिर पुलिया, रनिया महल और चौकाघाट तक के नाला सफाई कार्यों का भी निरीक्षण किया। इसके बाद नगर आयुक्त ने भगवानपुर, गोवर्धन, सुसुवाही और करौंदी क्षेत्र का दौरा किया। इस दौरान भगवानपुर वार्ड में सड़क पर अतिक्रमण पाया गया, जिसे तत्काल हटाने के लिए संबंधित जोनल अधिकारी को उन्होंने निर्देश दिए। मेयर व नगर आयुक्त का स्पष्ट कहना है कि बरसात में जलभराव की समस्या न हो, इसके लिए निरीक्षण का यह सिलसिला जारी रहेगा। 15 जून तक सफाई कराने का अंतिम लक्ष्य दिया गया है।

## संक्षिप्त समाचार

### पुलिस और यूथ सीएलजी ने शुरू किया परिंडा अभियान, पक्षियों की प्यास बुझाने का लिया संकल्प



**चमकता राजस्थान/धौलपुर रामदास तरुण/बाड़ी उपखंड की खबर।** जिला पुलिस अधीक्षक धौलपुर के निर्देशानुसार सामुदायिक पुलिसिंग को मजबूत बनाने तथा पुलिस और आमजन के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने के उद्देश्य से थाना कोतवाली बाड़ी पुलिस एवं यूथ सीएलजी सदस्यों द्वारा सोमवार को ''परिंडा लगाओ, परिंदा बचाओ'' अभियान की शुरुआत की गई। अभियान का शुभारंभ लव कुश वाटिका बाड़ी से किया गया, जहां बेजुबान पक्षियों की जीवन रक्षा के लिए 100 परिंडे लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया। इस अवसर पर थाना कोतवाली बाड़ी के यूथ सीएलजी सदस्यों को 10-10 परिंडे वितरित किए गए तथा उन्हें प्रतिदिन इन परिंडों में पानी भरने का संकल्प दिलाया गया। अभियान का मुख्य उद्देश्य भीषण गर्मी और तपती दोपहरी में पानी की कमी से जूझ रहे पक्षियों को राहत पहुंचाना तथा समाज में जीव- जंतुओं के प्रति संवेदनशीलता का संदेश देना है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए थाना प्रभारी देवेन्द्र कुमार शर्मा ने कहा कि पक्षियों की सेवा मानवता का महत्वपूर्ण दायित्व है। गर्मी के मौसम में जल की उपलब्धता सुनिश्चित कर हम अनेक बेजुबान पक्षियों का जीवन बचा सकते हैं। उन्होंने आमजन से भी अपने घरों, दुकानों और सार्वजनिक स्थानों पर परिंडे लगाने की अपील की। अभियान में यूथ सीएलजी सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए इसे जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के दौरान विजेंद्र सिंह सहायक उपनिरीक्षक, अलख सिंह चालक कांस्टेबल, सुबै सिंह कांस्टेबल सहित यूथ सीएलजी सदस्य नईम खान, सचिन बंसल, मन्थन मित्तल, तारिक गौरी, पवन गौड़, सूरज, छोटू, श्रीकांत गौड़, शादाब खान, सादिक खान, ऋषभ शर्मा, रविंद्र बंसल, जतिन पचौरी एवं अन्य सदस्य उपस्थित रहे।कार्यक्रम के अंत में सभी ने पर्यावरण संरक्षण एवं पक्षी संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाने का संकल्प लिया।

### वृक्षों की कटाई के विरोध में ठाणे महानगरपालिका का घेराव; विधायक डॉ. जितेंद्र आव्हाड का प्रशासन पर हमला

- **विश्व पर्यावरण दिवस पर राष्ट्रवादी कांग्रेस (शरद पवार) का अनोखा मोर्चा; पौधे, ऑक्सीजन सिलेंडर और जनजागरण संदेशों के साथ प्रदर्शन**



**चमकता राजस्थान/अरविंद कोठारी/ठाणे।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) की ओर से गुरुवार को ठाणे महानगरपालिका पर एक अनोखा मोर्चा निकाला गया। पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव डॉ. जितेंद्र आव्हाड की उपस्थिति तथा जिला अध्यक्ष मनोज प्रधान के नेतृत्व में निकाले गए इस मोर्चे में कार्यकर्ता पौधे, ऑक्सीजन सिलेंडर और पर्यावरण जागरूकता संबंधी संदेश लिखे फलक लेकर शामिल हुए।

गणेशवाड़ी से ठाणे महानगरपालिका मुख्यालय तक निकाले गए इस मोर्चे में वृक्षों की कटाई के विरोध में जोरदार नारेबाजी की गई। एक ही ध्येय, पर्यावरण विकासऱ, ऱपर्यावरण की रक्षा, हमारा कर्तव्यऱ, ऱपेड़ हैं दुनिया के फेफड़े, इन्हें काटोगे तो सांस कैसे लोगे? जैसे नारों से पूरा क्षेत्र गूंज उठा।

मोर्चे के दौरान यमराज की वेशभूषा धारण किए एक कार्यकर्ता ने सभी का ध्यान आकर्षित किया। पर्यावरण के लगातार हो रहे नुकसान और बढ़ती वृक्ष कटाई से भविष्य में मानवता के सामने खड़े होने वाले संकट को प्रतीकात्मक रूप से दर्शाने का प्रयास किया गया।

# उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने देखी 'कृष्णावतारम', कहा- महिला सशक्तिकरण और भारतीय संस्कृति का प्रेरक संदेश

चमकता राजस्थान

**जयपुर।** उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने जयपुर के ईपी मिराज सिनेमा में आयोजित फिल्म कृष्णावतारमः) की विशेष स्क्रीनिंग में भाग लिया। इस अवसर भगवान श्रीकृष्ण की भूमिका निभाने वाले अभिनेता सिद्धार्थ तथा सत्यभामा की भूमिका निभाने वाली अभिनेत्री संस्कृति भी मौजूद रहे।





फिल्म देखने के बाद उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने कहा कि 'कृष्णावतारम' भगवान श्रीकृष्ण के जीवन, उनके आदर्शों और भारतीय संस्कृति के मूल्यों को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत करने वाली प्रेरणादायक फिल्म है। उन्होंने कहा कि फिल्म महिला सशक्तिकरण और महिला उत्थान का मजबूत संदेश देती है, जो समाज को सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ाने का कार्य करेगी।

उप मुख्यमंत्री ने फिल्म के कलाकारों के अभिनय की सराहना करते हुए कहा कि सभी कलाकारों ने अपने-अपने किरदारों को जीवंत और प्रभावशाली ढंग से निभाया है। उन्होंने फिल्म के निर्देशन, प्रस्तुति और तकनीकी पक्ष को भी उत्कृष्ट बताया।

दिया कुमारी ने फिल्म की पूरी टीम को बधाई देते हुए इसके सफल प्रदर्शन की शुभकामनाएं दीं। विशेष स्क्रीनिंग के दौरान जनप्रतिनिधियों, उद्योग जगत से जुड़े लोगों, सामाजिक हस्तियों और गणमान्य नागरिकों की बड़ी संख्या मौजूद रही।

इस अवसर पर जयपुर सांसद श्रीमती मंजू शर्मा जी, जयपुर जिला प्रमुख श्रीमती राम चोपड़ा जी, भाजपा जिला अध्यक्ष श्री अमित गोयल जी, आदर्श नगर विधानसभा प्रत्याशी श्री रवि नैय्यर जी, किशनपोल विधानसभा प्रत्याशी श्री चंद्र मनोहर बटवाड़ा जी, भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता राष्ट्र प्रथम की भावना से प्रेरित होकर लोकतंत्र को सशक्त बनाने तथा आमजन की सेवा के लिए समर्पितः मदन राठौड

### भाजपा प्रदेश कार्यालय में राज्यसभा प्रत्याशी डॉ सतीश पूनिया और डॉ अलका गुर्जर का मुंह मिठा करवाकर पार्टी पदाधिकारियों ने दी शुभकामनाएं

चमकता राजस्थान



**जयपुर।** भारतीय जनता पार्टी प्रदेश कार्यालय पर राज्यसभा प्रत्याशी डॉ सतीश पूनिया और डॉ.अलका गुर्जर के नामांकन से पहले प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और संगठन महामंत्री अजेय कुमार सहित पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने मुंह मिठा करवाकर अग्रिम शुभकामनाएं और बधाई दी।

इस अवसर पर प्रदेश कार्यालय में डॉ सतीश पूनिया और डॉ. अलका गुर्जर को पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ अरूण चतुर्वेदी, पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़, केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत, प्रदेश उपाध्यक्ष मुकेश दाधीच, नाहर सिंह जोधा, भाजपा प्रदेश महामंत्री श्रवण सिंह बगडी, भूपेंद्र सैनी, डॉ मिथिलेश गौतम, शिक्षा मंत्री मदन दिलावर, सांसद मंजू शर्मा, लुंबाराम चौधरी सहित प्रदेश पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों और कार्यकर्ताओं ने मुंह मिठा करवाया।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने राज्यसभा प्रत्याशियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी एक विचारधारा और राष्ट्रसेवा के संकल्प के साथ कार्य करने वाला संगठन है। पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता राष्ट्र प्रथम की भावना से प्रेरित होकर लोकतंत्र को सशक्त बनाने तथा आमजन की सेवा के लिए समर्पित है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व तथा मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के मार्गदर्शन में भाजपा के सभी जनप्रतिनिधि और कार्यकर्ता जनसेवक के रूप में समाज एवं राष्ट्रहित में कार्य कर रहे हैं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि राज्यसभा के लिए पार्टी के दोनों प्रत्याशी सदन में राजस्थान एवं देश के हितों को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत करेंगे।

## ग्राम पंचायत बांसखेड़ी मेवातियान में मनरेगा कार्यों में बड़ा फर्जीवाड़ा, बिना काम किए लेबर की हाजिरी भरने का आरोप

चमकता राजस्थान

**मनोहर/ दिनेश शर्मा ।** राजस्थान के झालावाड़ जिले की ग्राम पंचायत बांसखेड़ी मेवातियान में सरकारी धन के दुरुपयोग का बड़ा मामला सामने आया है। पंचायत के उप-सरपंच ने विकास अधिकारी को लिखित शिकायत देकर मनरेगा कार्यों में भारी अनियमितताओं और फर्जीवाड़ा करने का आरोप लगाया है।

- **क्या है मामला?**

उप-सरपंच द्वारा दी गई शिकायत के अनुसार, पंचायत में मनरेगा के तहत दिखाए जा रहे कार्यों का धरातल पर कोई अस्तित्व ही नहीं है। शिकायत में मुख्य रूप से दो बिंदुओं पर सवाल उठाए गए हैं:



फर्जी हाजिरी का खेलः आरोप है कि 21 मई 2026 से 5 जून 2026 तक मेन रोड से पूरा तक लेबर का कार्य दिखाया गया, जिसमें केवल कागजों पर श्रमिकों की हाजिरी दर्ज की गई, जबकि मौके पर कोई काम नहीं हुआ।

वर्तमान में भी धांधली जारीः शिकायतकर्ता का कहना है कि 6 जून 2026 से वर्तमान में भी 'ग्रेवल सड़क निर्माण' के नाम पर स्कूल की तरफ जो कार्य दिखाया जा रहा है, उसमें भी केवल लेबर की हाजिरी भरी जा रही है और मौके पर कोई निर्माण कार्य नहीं हो रहा है।

- **जांच की मांग**

उप-सरपंच ने विकास अधिकारी से मांग की है कि इस पूरे मामले की निष्पक्ष जांच की जाए। पत्र में स्पष्ट रूप से लिखा गया है कि अधिकारी स्वयं 'मौके का अवलोकन' (स्थल निरीक्षण) करें ताकि सच्चाई सामने आ सके और दोषियों के खिलाफ उचित कानूनी कार्यवाही की जा सके।

- **प्रशासनिक लापरवाही पर सवाल**

पंचायत स्तर पर सरकारी योजनाओं में हो रहे इस खुलेआम फर्जीवाड़े ने प्रशासन की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। देखना यह होगा कि विकास अधिकारी इस शिकायत पर क्या कार्रवाई करते हैं और क्या मौके पर जाकर जांच की जाती है या नहीं।

इस मामले को लेकर ग्राम विकास अधिकारी नेनक राम भील से बात करनी चाही तो उन्होंने फोन नहीं उठाया।

## वैश्य सेना के नवनियुक्त तहसील अध्यक्ष टीटू गर्ग का भव्य सम्मान



**चमकता राजस्थान/पत्रकार कश्मीर सिंह/टपूकड़ा।** वैश्य सेना संगठन के नवनियुक्त तहसील अध्यक्ष ओमप्रकाश गर्ग उर्फ टीटू गर्ग का कस्बे में भव्य स्वागत एवं सम्मान किया गया। पूर्व चेयरमैन प्रतिनिधि रमेशचंद्र गर्ग के प्रतिष्ठान पर आयोजित कार्यक्रम में वैश्य समाज के गणमान्य नागरिकों ने साफा बांधकर एवं माल्यार्पण कर उनका अभिनंदन किया। समारोह में समाजजनों ने टीटू गर्ग को नई जिम्मेदारी मिलने पर शुभकामनाएं देते हुए उनके सफल कार्यकाल की कामना की। वक्ताओं ने कहा कि वे लंबे समय से समाज सेवा एवं जनहित के कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाते रहे हैं तथा उनके नेतृत्व में संगठन को नई ऊर्जा एवं मजबूती मिलेगी। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि टीटू गर्ग समाज के हितों की रक्षा और संगठन के विस्तार के लिए प्रभावी कार्य करेंगे। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों ने साफा पहनाकर एवं पुष्पमालाएं अर्पित कर उनका सम्मान किया। इस अवसर पर रमेशचंद्र गर्ग, शशि भूषण गर्ग, घनश्याम मित्तल, जीतू गर्ग, भुवनेश गर्ग, संजय गुप्ता, पोपट गर्ग, पवन गुप्ता, रमेश जांगिड़, पंकज यादव, धर्मपाल गर्ग, अमरचंद, राकेश गर्ग, राजेश गर्ग एवं विपिन गर्ग सहित वैश्य समाज के अनेक गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। कार्यक्रम सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। अंत में उपस्थित समाजजनों ने संगठन की मजबूती, सामाजिक एकता एवं जनकल्याण के कार्यों को आगे बढ़ाने के लिए मिलकर कार्य करने का संकल्प लिया।

## साइकिल अपनाओ, प्रदूषण घटाओः संडेज़ ऑन साइकिल अभियान के तहत निकली जागरूकता रैली



**चमकता राजस्थान/ब्यावर।** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के अंतर्गत मेरा युवा भारत माय भारत अजमेर द्वारा संडेज़ ऑन साइकिल अभियान के तहत विश्व साइकिल दिवस 2026 के अवसर पर मसूदा के मानपुरा से किराप तक साइकिल रैली का आयोजन किया गया। इसमें 50 से अधिक युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। जिला खेल अधिकारी डॉ दिनेश चौधरी ने बताया कि रैली का उद्देश्य युवाओं एवं आमजन में साइकिल के उपयोग को बढ़ावा देना, स्वस्थ जीवनशैली अपनाने तथा पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाना रहा। प्रतिभागियों ने साइकिल अपनाओ, प्रदूषण घटाओ का संदेश देते हुए स्वास्थ्य संवर्धन, ईंधन बचत एवं स्वच्छ पर्यावरण का संकल्प लिया। कार्यक्रम में मानपुरा सरपंच हरचंद सिंह रावत मुख्य अतिथि रहे। उन्होंने कहा कि साइकिल केवल एक परिवहन साधन नहीं, बल्कि स्वस्थ जीवन, स्वच्छ पर्यावरण और जिम्मेदार नागरिकता का प्रतीक है। कार्यक्रम का आयोजन मसूदा ब्लॉक संयोजक एवं पूर्व राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक लेखराज सिंह रावत द्वारा किया गया।

## ठाणे मनपा के शहर विकास विभाग में लगी आग संदिग्ध

» भ्रष्टाचार की फाइलें मिटाने की साजिश? – शिवसेना (UBT) जिला प्रमुख केदार दिघे

» फॉरेंसिक जांच, थर्ड पार्टी ऑडिट और डिजिटल बैकअप सार्वजनिक करने की मांग; अन्यथा तीव्र आंदोलन की चेतावनी

**चमकता राजस्थान/अरविंद कोठारी/ठाणे।** ठाणे महानगरपालिका मुख्यालय की चौथी मंजिल स्थित शहर विकास (नगररचना) विभाग में लगी आग को बेहद संदिग्ध बताते हुए शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) के ठाणे जिला प्रमुख केदार दिघे ने इस पूरे मामले की उच्चस्तरीय फॉरेंसिक जांच और स्वतंत्र थर्ड पार्टी ऑडिट कराने की मांग की है। कुछ दिनों पहले ही ठाणे के गावदेवी भाजी मार्केट में भीषण आग लगने से मनपा के दो कर्मचारियों की मौत हो गई थी। यह घटना अभी ताजा ही है, ऐसे में अब सीधे महानगरपालिका मुख्यालय के सबसे संवेदनशील माने जाने वाले शहर विकास विभाग में आग लगने से कई गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं, ऐसा दिघे ने कहा। सोशल मीडिया पर प्रतिक्रिया देते हुए उन्होंने सवाल उठाया कि शहर के विकास आराखड़ों, बिल्डिंग परमिशन, डेवलपर्स की जानकारी और टीडीआर (ळऊफ) से जुड़े महत्वपूर्ण दस्तावेजों वाले विभाग में आग लगना क्या महज एक संयोग है, या फिर भ्रष्टाचार से जुड़ी फाइलों और सबूतों को नष्ट करने की कोशिश?



- **शिवसेना (UBT) की प्रमुख मांगें**

घाईघाई में क्लीन चिट न दी जाए

प्रशासन हमेशा की तरह शॉर्ट सर्किट का कारण बताकर मामले को दबाने और जल्दबाजी में क्लीन चिट देने का प्रयास न करे।

डिजिटल बैकअप सार्वजनिक किया जाए

यदि प्रशासन का दावा है कि महत्वपूर्ण फाइलें सुरक्षित हैं, तो शहर विकास विभाग की सभी अहम फाइलों का डिजिटल बैकअप सार्वजनिक किया जाए।

# कलेक्टर ने ली विभागीय योजनाओं, बजट घोषणाओं और विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा बैठक

चमकता राजस्थान

**मोहम्मद रफीक नागौर।** जिला कलक्टर देवेंद्र कुमार की अध्यक्षता में सोमवार को सभी विभागों के जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ जिला स्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित हुई, जिसमें विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं, बजट घोषणाओं, विकास कार्यों तथा जन शिकायतों की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में वर्ष 2024-25, 2025-26 एवं 2026-27 की बजट घोषणाओं की विभागवार प्रगति पर चर्चा करते हुए जिला कलक्टर ने अधिकारियों को स्वीकृत कार्यों को निर्धारित समयसीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए।



### बजट घोषणाओं को पूर्ण करने के निर्देश

कलेक्टर देवेंद्र कुमार ने वर्ष 2026-27 की बजट घोषणाओं की समीक्षा के दौरान सार्वजनिक निर्माण विभाग द्वारा किए जा रहे कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए रेलवे अंडरब्रिज, रेलवे ओवरब्रिज और सड़क निर्माण से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता के साथ आगे बढ़ाने के निर्देश दिए।

बैठक में कलेक्टर कुमार द्वारा डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जिला उत्थान योजना के अंतर्गत जिला विकास वार्षिक योजना 2026-27 के अनुमोदन, क्रियान्वयन, संपादन, पर्यवेक्षण, उपलब्ध धनराशि के त्वरित उपयोग, गुणवत्तापूर्ण परिसंपत्तियों के सृजन एवं नियंत्रण से संबंधित समस्त कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई। उन्होंने योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन, निर्धारित समयसीमा में कार्य पूर्ण करने तथा उपलब्ध संसाधनों का अधिकतम उपयोग सुनिश्चित करने के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। साथ ही विधायक स्थानीय क्षेत्र विकास निधि तथा अतिरिक्त जिला परियोजना समन्वयक (एडीपीसी) के माध्यम से कराए जा रहे विकास कार्यों की समीक्षा करते हुए उनकी प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने अजमेर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड (एवीवीएनएल), नगर परिषद तथा विभिन्न नगरपालिकाओं द्वारा संचालित विकास एवं आधारभूत सुविधाओं से जुड़े कार्यों की भी समीक्षा की तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। जिला कलक्टर ने सीएमआईएस पोर्टल, मुख्यमंत्री कार्यालय से संबंधित लंबित प्रकरणों, संपर्क पोर्टल तथा सीपीग्राम पोर्टल पर दर्ज शिकायतों और परिवादों की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि जन शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए।

- **पांच गौरव की करी समीक्षा**

जिला कलक्टर ने पंच गौरव कार्यक्रम के अंतर्गत किए जा रहे विकास कार्यों, चालू वित्तीय वर्ष में प्राप्त प्रस्तावों तथा स्वीकृत परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने वर्तमान वित्तीय वर्ष में पंच गौरव कार्यक्रम के अंतर्गत व्यय की गई राशि तथा जारी विकास कार्यों की स्थिति की समीक्षा करी। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को सभी कार्य गुणवत्ता के साथ समयबद्ध रूप से पूर्ण करने के निर्देश दिए।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक अभय सिंह चौहान के लिए एम बी प्रिंटर्स, सी 74 सुदर्शन पूरा, जयपुर से मुद्रित एवं 1ए देवी नगर विस्तार, देवी नगर गली नं. 6 जयपुर 302019 से प्रकाशित। सम्पादक : अभय सिंह चौहान,
मोबाइल : 9314505000 (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार) कार्यकारी संपादक : खलील कुरैशी, मोबाइल : 7891542929